हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025



# शिवालयों में अभिषेक, पालकी यात्रा में थिरके भक्त, अंतिम सोमवार को दिखा भक्ति का रंग

## मोहारा के तट पर दिखी कांवड़ियों की भीड़, शहर सहित जिलेभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह के चौथे और आखरी सोमवार को अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। भक्त जहां कांवड से जल लाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किए। वहीं शहर में महाकाल की भव्य पालकी निकाली गई। इस दौरान भक्ति में भक्त थिरकते रहे।

ज्ञात हो कि सावन माह में चार सोमवार का योग था। आज 4 अगस्त को सावन का आखरी सोमवार था, जिसे लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। इस दौरान मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्त पूजा-अर्चना एवं अभिषेक के लिए पहुंचते रहे। वहीं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मां शीतला मंदिर परिसर सोनारपारा से महाकाल की भव्य पालकी यात्रा दोपहर को निकाली गई। यह यात्रा बाजे-गाजे, पारंपरिक लोक नृत्य, अखाड़ा का प्रदर्शन सहित भव्य झांकी के साथ शहर के फौव्वारा चौक जमातपारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक, गंज चौक होते हुए लोहारपारा, काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड़ पहुंचा, जहां महाकाल पालकी यात्रा का विश्राम हुआ। पालकी यात्रा मार्ग में जहां साज-सजावट की गई थी। वहीं दूसरी ओर विभिन्न समिति संगठनों द्वारा पंडाल लगाकर पालकी यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया। पालकी यात्रा में शामिल भक्तों के लिए कई तरह के स्वल्पाहार रखा गया था। सुबह से लेकर देर रात तक शिव भक्ति का माहौल अंचल में बना रहा। सावन के आखरी सोमवार को पूजा सामग्रियों की मांग लोगों के बीच रही।

### सुबह से शाम तक मंदिरों में भीड़

इधर शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर, मां शीतला मंदिर सोनारपारा, काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड, शिव मंदिर मोहारा, शिव मंदिर भरकापारा, सत्यनारायण मंदिर, मोतीनाथ मंदिर, महाकाल मंदिर सिंघोला, भानेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर बांसपाई पारा, शिव मंदिर गांधी चौक, शिव मंदिर रानीसागर तट, शिव मंदिर शंकरपुर सहित अंचल के अन्य मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही।





### कांवड से जल लाकर अभिषेक

सावन के आखरी सोमवार को बड़ी संख्या में कांवडियो जत्था के साथ एवं अलग-अलग भी कांवड लेकर भोर के समय शिवनाथ नदी तट मोहारा पहुंचे, जहां स्नान-ध्यान कर श्रद्धा-भक्ति के साथ कांवड में जल लेकर मंदिरों में पहुंचे और विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिरों में ओम नमः शिवाय की गूंज रही। शिवनाथ नदी तट पर स्थित शिव मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### तपिश से लोग परेशान बारिश के आसार नहीं

**राजनांदगांव।** मौसम में आए बदलाव का दौर अगले कुछ दिन और ऐसे ही जारी रहने के आसार दिखाई दे रहे हैं। विभाग के अनुसार बेहतर बारिश का सिस्टम अंचल में नहीं बनने की वजह से अभी उमस से गुजरना होगा। सोमवार को भी जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री से अधिक पर रहा।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अमृतसर, चंडीगढ़, शामली, शाहजहांपुर, लखनऊ, छपरा, बांकुरा, केनिंग और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम विहार और उससे लगे उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश के ऊपर 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। प्रदेश में कल 5 अगस्त को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### 6 को शाम के समय नहीं होगी पेयजल सप्लाई



**राजनांदगांव।** 17 फिल्टर प्लांट में लामेला (सीएफएल) सफाई कार्य एवं इंदिरा नगर हास्पिटल परिसर की टंकी का मेन राईजिंग पाईप लाइन का वाल्व रिपेयरिंग कार्य 6 अगस्त को किया जाना है। जिसके कारण 17 प्लांट बंद रहेगा। उक्त कार्य के कारण 6 अगस्त की शाम पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाएगी। 17 एमएलडी प्लांट में सफाई एवं मरम्मत की वजह से प्लांट बंद होने पर 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट से भरने वाली पानी टंकियां नहीं भर पाएगी। जिससे बसंतपुर, क्लब चौक, तेलीपारा, ग्रीन सिटी, राजीव नगर बसंतपुर, बंगालीचाल, भोईपारा, हास्पिटल कालोनी, शिव नगर, आरके नगर, अनुपम नगर, सहदेव नगर, कौरिनभाठा, सर्किट हाउस, सृष्टि कालोनी, कुंज विहार कालोनी, गायत्री कालोनी, जल तरंग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बर्फानी आश्रम, महेश नगर, आर्शीवाद कालोनी, हरिओम नगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, गोकुल नगर, लक्ष्मीनगर, जीवन-ए कालोनी, गांधी नगर, चंद्रा कालोनी एवं आशा नगर, रेवाडीह, पेंड्री ईस्कॉन विहार, जीवन आवास, अटल विहार कालोनी, मेडिकल कालेज, ममता नगर, वर्धमान नगर, पूनम कालोनी, 18 एकड, लेबर कालोनी, तुलसीपुर, सिविल लाईन, लालबाग, नवागांव, बापूटोला, बीड़ी श्रमिक कालोनी, मोतीपुर, नया ढाबा, रामनगर आधा क्षेत्र में 6 अगस्त की शाम पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी। 7 अगस्त सुबह से पेयजल सप्लाई निर्धारित समय से होगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते 5 एवं 6 अगस्त को सुबह पेयजल सप्लाई होने पर पानी संग्रहण कर सहयोग करने की अपील की है।

## सरकारी सिस्टम पर लगी सेंध, रेग्युलर कर्मचारी के तौर पर तैनात

# फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर 3 साल से नौ लोग बन गए शिक्षा विभाग के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में नौ लोगों ने फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर तृतीय श्रेणी में सरकारी नौकरी हासिल कर ली। इन सभी ने सरकारी सिस्टम की कमजोरी का पूरा फायदा उठाते शिक्षा विभाग में अपना पद स्थापना दिखा दिया। ये सभी बीते 38 महीने से व्यापम से चयनित अभ्यर्थी के रूप में रेग्युलर कर्मचारी के नाम पर नौकरी कर रहे हैं।

वर्ष 2021 में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 और डाटा एंट्री ऑपरेटर ने विभागीय अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज कूटरचित नियुक्ति आदेश के आधार पर इन्हें छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा में चयनित परीक्षा में सम्मिलित होकर चयनित बता दिया। वर्तमान में ये जिला कलेक्टर कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित स्कूलों में सहायक ग्रेड-3 के 6, डाटा एंट्री ऑपरेटर के 3 कुल 9 लोग विगत 38 माह से इन पदों पर बकायदा रेग्युलर कर्मचारी के रूप में नौकरी कर रहे हैं। इस मामले में इन पर आरोप है कि छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के सचिव ओपी मिश्रा के नाम पर फर्जी नियुक्ति आदेश का हवाला देकर विभिन्न नौ लोग सरकारी नौकरी पर जमे हुए हैं।




### एफआईआर होनी चाहिए दर्जः विधायक

स्थानीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि फर्जी आदेश के बलबूते नौकरी कर रहे 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर इस मामले में जितने लोग लिप्त हैं, उन सभी के ऊपर अपराध कायम होनी चाहिए।

### शिकायत मिलने पर होगी जांचः डीईओ

इस पूरे मामले को लेकर डीईओ फत्तेराम कोसरिया ने कहा कि इस संबंध में किसी तरह की शिकायत हम तक नहीं पहुंची है। शिकायत मिलने पर पूरे प्रकरण की बिंदुवार जांच की जाएगी।

### नहीं दी गई नियुक्तिः सचिव

छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के सचिव ओपी मिश्रा के नाम पर फर्जी नियुक्ति आदेश पर नौ लोग 38 माह से सरकारी नौकरी पर बने हुए हैं। नियुक्ति को लेकर मांगी गई सूचना के अधिकार के तहत जानकारी में वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के सचिव ओपी मिश्रा ने स्पष्ट किया कि इस तरह की कोई भी नियुक्ति उनके द्वारा नहीं दी गई है।

**इन लोगों की हुई सरकारी नियुक्ति :** डोलामनी मटारी डाटा एंट्री ऑपरेटर ग्रेटर पेमेंट 2400, शादाब उरमान डाटा एंट्री ऑपरेटर ग्रेट पेमेंट 2400, अजहर सिद्दीकी डाटा एंट्री ऑपरेटर ग्रेट पेमेंट 2400, आशुतोष कछवाहा सहायक ग्रेड-3 ग्रेट पेमेंट 1900, मोहम्मद अमीन शेख सहायक ग्रेड-3 ग्रेट पेमेंट 1900, फागेंद्र कुमार सिन्हा सहायक ग्रेड-3 ग्रेट पेमेंट 1900, टीकम चंद्र सहायक ग्रेड-3 ग्रेड पेमेंट 1900, रजिया अहमद सहायक ग्रेड-3 ग्रेड पेमेंट 1900, सीएच अन्थोनी अम्मा सहायक ग्रेड-3 ग्रेड पेमेंट 1900 है। इन पर आरोप है कि फर्जी नियुक्ति पत्र कूटरचना के आधार पर यह लोग जिला शिक्षा विभाग में सरकारी नौकरी पर पदस्थ हैं।

### बिंदुवार जांच की मांग

आरटीआई जागरूकता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुखराम साहू, मोतीलाल हिरवानी ने दस्तावेज उपलब्ध कराते बताया कि वर्ष 2021 में नौ लोगों की शिक्षा विभाग में नियुक्ति फर्जी है। नियुक्ति आदेश में ओपी मिश्रा सचिव छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग रायपुर का हवाला दिया गया है। जिसमें प्रथम दृश्य कहीं पर भी भर्ती विज्ञापन, पदस्थापन स्थान जिला, परीक्षा अवधि, वेतन मैट्रिक्स लेबल, नाम-पिता-पूर्ण पता, संवर्ग, प्रतिलिपि आदि का लेख नहीं है, जो वास्तविक नियुक्ति आदेश में रहता है। इसके साथ ही जिम्मेदार अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्राचार्य द्वारा नियुक्ति आदेश पत्र की सत्यता की जांच किए बिना विभिन्न जगहों पर ज्वाईनिंग देते हुए सेवा पुस्तिका का सत्यापन करना व जिला कोषालय अधिकारी द्वारा कर्मचारी कोड अनुमोदन करते वेतनमान आवंटन करना जांच का विषय है। इस पूरे प्रकरण में उन्होंने मांग किया है कि बिंदुवार इस प्रकरण में जांच होनी चाहिए।

# सात बदमाश 3 से 6 माह के लिए जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा 7 आदतन बदमाशों को जिला बदर किया गया।

पुलिस के अनुसार जिले में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. सर्वेशर नरेन्द्र भुरे द्वारा 7 आदतन आरोपियों को जिला बदर किया गया है। जिला बदर किए गए आरोपियों में नंदकुमार साहू निवासी बुधवारीपारा वार्ड नंबर 15 डोंगरगढ़ के विरूद्ध डोंगरगढ़ में मारपीट, झगड़ा-लड़ाई एवं अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। जिसके लिए 3 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। सज्जन टांडेकर निवासी ग्राम रामपुर के विरूद्ध मारपीट, चोरी, लूट, डकैती आदि मामले दर्ज हैं। जिसके लिए 3 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। कोमल यादव ग्राम गठुला के विरूद्ध मारपीट, झगड़ा-लड़ाई एवं अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। जिसके लिए 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।

### इन पर कार्रवाई

खूबलाल जंघेल निवासी मोतीपुर के विरूद्ध अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। जिसके लिए 3 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। सागर वाहने निवासी चिखली के विरूद्ध मारपीट, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि मामले दर्ज हैं। जिसके लिए 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। भास्कर खान निवासी चिखली के विरूद्ध मारपीट, हत्या आदि अपराध दर्ज हैं। जिसके लिए 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। अरशद असरफी खान निवासी कंडरापारा डोंगरगढ़ के विरूद्ध मारपीट, जुआ अधिनियम आदि मामले दर्ज हैं। जिसके लिए 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# डोंगरगांव दुकान से कोचियों को मिल रही खुलेआम शराब, वीडियो वायरल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब की अवैध बिक्री को लेकर सवालों में घिरा रहने वाले आबकारी महकमे पर एक बार भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। जिले के डोंगरगांव ब्लॉक में स्थित शराब दुकान से खुलेआम कोचियों को बल्क में शराब की बोतलें उपलब्ध कराई जा रही है। इसको लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। ज्ञात हो कि डोंगरगांव स्थित शराब दुकान के सुपरवाईजर की लगातार शिकायतें सामने आती रही है। उसके बाद भी विभाग का उसके खिलाफ कार्रवाई ना करना सवाल खड़े कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले में कुल 16 शराब दुकान है। जिनमें डोंगरगांव और डोंगरगढ़ के बाहरी इलाकों में स्थित शराब दुकानों से कोचियों को शराब उपलब्ध कराने की लगातार शिकायतें सामने आती रही है। कुछ महीने पहले डोंगरगढ़ में एक शराब कोचिये को पकड़े जाने पर भी उसने आबकारी महकमे को प्रति पेटी दो सौ रुपए कमीशन देने की बात पुलिस अफसरों को बताई थी। ऐसे में लगातार सवाल उठने के बाद भी कार्रवाई ना होना विभाग को ही कटघरे में खड़ा कर रहा है।



### लगातार आ रही शिकायतें

डोंगरगांव शराब दुकान से कोचियों को शराब की बोतले बड़ी संख्या में उपलब्ध कराने का एक वीडियो सामने आया है। इसमें यह दावा किया जा रहा है कि शराब दुकान के पीछे दरवाजे से सुबह 10 से 12 बजे के बीच सुपरवाईजर गजेंद्र सिंह राजपूत के संरक्षण में कोचियों को शराब दी जाती है। अब इस वीडियो के सामने आने के बाद कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# ग्रामीणों ने घेरा एसडीएम कार्यालय, चक्काजाम भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुर्गी खाद की बदबू से परेशान ग्राम पंचायत खपरीखुर्द के आश्रित ग्राम चवेली के ग्रामीणों ने आज एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीण यहां मुर्गी बीट से भरी हाईवा वाहन लेकर पहुंचे थे। चवेली के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करते गांव के समीप ही संचालित पोल्ट्री खाद डंपिंग यार्ड को बंद करने की मांग की। यहां पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के दिनों में डंप बीट पानी से बहकर जल स्त्रोतों में मिल रहा है। जिसकी वजह से तालाब और हैंडपंप के पानी से बदबू आ रही है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते अपना विरोध जताया है। गांव के सरपंच भूपेंद्र निषाद ने कहा कि ग्रामीण बदबू और प्रदूषित पानी से परेशान हैं। एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन करने के बाद यहां उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उक्त डंपिंग यार्ड को बंद करने की मांग की है। वहीं इसके बाद पोल्ट्री बीट से भरी वाहन को ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय ले गए। यहां भी उन्होंने नारेबाजी करते प्रदर्शन किया और कलेक्टोरेट गेट के सामने चक्काजाम कर दिया।

# ओटी के भीतर एचओडी ने नर्स को जड़ा थप्पड़

- नर्स संघ ने विरोध में जमकर की नारेबाजी, मांग पर प्रबंधन ने पांच सदस्य कमेटी को सौंपा जांच का जिम्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री एक बार फिर अपने विवादों को लेकर सुर्खियों में आ गया है। यहां पदस्थ एक विभाग की एचओडी ने महिला नर्स को ऑपरेशन थियेटर के भीतर ही थप्पड़ जड़ दिया। महिला डॉक्टर की मामले में लिखित शिकायत के साथ ही नर्स संघ ने जांच कर कार्रवाई की भी मांग की है। नर्स संघ के आक्रोश को देखते हुए प्रबंधन ने भी मामले में तत्काल जांच के आदेश जारी करते हुए टीम का गठन कर दिया है।

बताया गया कि सोमवार को एक ऑपरेशन के दौरान ही डॉ. सुनीता मेश्राम का एक महिला नर्स के साथ जुबानी विवाद हुआ। जिसके बाद डॉक्टर ने उसे मौके पर ही थप्पड़ जड़ दिया। डॉक्टर द्वारा किए गए इस कृत के बाद भड़की हुई महिला नर्स ने तत्काल डीन को यह सूचना दी। इसके बाद अपने अन्य साथियों के साथ अस्पताल परिसर के बाहर आंदोलन भी किया।


### पांच डॉक्टरों पर जांच का जिम्मा

इस मामले में संघ के शामिल होने के बाद प्रबंधन ने भी एक्शन लेते हुए जांच कमेटी का गठन कर दिया है। बताया गया कि पांच डॉक्टरों को इस जांच समिति में शामिल किया गया है। इन डॉक्टरों को दोनों ही पक्ष से सवाल-जवाब कर रिपोर्ट तैयार करनी है। बताया गया कि तीन दिन के भीतर ही यह कार्रवाई कर ली जाएगी। जांच कमेटी में अजय कोसाम और दुर्गा कोसाम को बनाया गया जांच कमेटी का सदस्य। महिला नर्स ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त डॉक्टर द्वारा पिछले कई समय से उनके एवं अन्य स्टॉफ के साथ ऐसा ही व्यवहार किया जा रहा है।

## आज जिले के प्रवास पर रहेंगे प्रभारी मंत्री विजय शर्मा

# विधानसभावार भाजपाईयों से करेंगे मुलाकात प्रशासनिक अफसरों के साथ समीक्षा बैठक भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा आज जिले के प्रवास पर रहने वाले हैं। इस दौरान वे न केवल प्रशासनिक अफसरों की बैठक कर जिले में प्रदेश सरकार की योजनाओं का हाल जानेंगे, बल्कि इस दौरे के दौरान जिले की सभी चार विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता एवं नेताओं से भी मुलाकात कर चर्चा करने वाले हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रभारी मंत्री होने के चलते डिप्टी सीएम विजय शर्मा समय-समय पर प्रशासनिक अफसरों की बैठक लेकर योजनाओं का हाल जानते हैं, लेकिन इस बार के उनके प्रवास में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक होने वाली है। जिसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। एल्डरमैन, जिला कार्यकारिणी के अलावा अन्य रिक्त पदों को लेकर भी चर्चा होगी। ज्ञात हो कि हाल ही में स्थानीय सांसद संतोष पांडे ने भी दिशा समिति की बैठक ली थी। इस दौरान भी उन्होंने जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का हाल जाना था। कुछ योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के भी निर्देश उनके द्वारा दिए गए थे।

### खास बातें

- विभागवार आंकड़े देखेंगे प्रभारी मंत्री, अफसरों ने की समीक्षा बैठक की तैयारी

### विस अध्यक्ष भी होंगे शामिल



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह इस बैठक में शामिल होंगे। डॉ. सिंह कल दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक सर्किट हाउस में आहूत संगठन की बैठक में शिरकत करेंगे।

### इन नेताओं को बुलाया

विधानसभावार आयोजित की जा रही है आज की बैठक में संबंधित विधानसभा के जिला, जनपद पंचायत के सदस्य, पूर्व सदस्य, विधायक, पूर्व विधायक या विधानसभा प्रत्याशी, संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेता, मंडल अध्यक्ष, नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को बुलाया गया है। नांदगांव विधानसभा की बैठक के दौरान विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी मौजूद रहेंगे।

### कार्यकर्ताओं से संवाद

मिली जानकारी के अनुसार डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा आयोजित आज की बैठक में विधानसभावार नेताओं को बुलाया जाएगा। हर विधानसभा की आधे घंटे की बैठक होगी। बैठक भाजपा कार्यालय या फिर सर्किट हाउस में होगी। इसमें कार्यकर्ता एवं नेताओं से भाजपा सरकार आने के बाद उनके क्षेत्र की स्थिति के साथ ही पार्टी द्वारा दिए गए कामों को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में शामिल होने वाले नेता-कार्यकर्ता भी अपने मन की बात इस दौरान रख पाएंगे।



## खबर संक्षेप

### आचार्य और दीदियों को आवर्ती प्रशिक्षण



**रामाटोला।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में संकुल स्तरीय आवर्ती प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में आरएसएस के सेवा प्रमुख अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्र सेविका अनुराधा शर्मा, जिला समन्वय पुनमचंद साहू, सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनोज देवांगन, संरक्षक केशोराम वर्मा, सचिव गैंदलाल देवांगन, सदस्य मन्नूलाल वर्मा, जगदीश देवांगन संकुल प्रभारी ढालचंद यादव एवं संकुल से 58 आचार्य दीदी शामिल हुए। शुरूवात में मां सरस्वती, ओंम, भारत माता की पूजा अर्चना किया गया। जिला समन्वय ने संकुल खेल के बारे में विस्तार से चर्चा किया। हिन्दी में गीत, कहानी, व नृत्य आदि की जानकारी दी गई। अंत में पौधा वितरण किया गया।

### ज्योति कलश यात्रा का स्वागत



**तुमडीबोड़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से निकली अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा का ग्राम में स्वागत वंदन हुआ। डोंगरगढ़ के अजय यादव, सुखसागर धुर्वे, ज्योति कांडे, डां विद्याविलास श्रीवास्तव, जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा सहित अन्य ने राम मंदिर के पास उपस्थित होकर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान आरती कर युग ऋषि का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। शाम को सत्संग एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन के मार्गदर्शन एवं रथ प्रभारी जयप्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में यात्रा सतत जारी है।

### कन्हारगांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन




**डोंगरगढ़।** आईटीबीपी ने कन्हारगांव में कमांडेंट तेजभान सिंह के नेतृत्व एवं सहायक सेननी दीदार शेख की उपस्थिति में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहित तिवारी चिकित्सा, डॉ सोएब खान एवं शैजू स्वीस्टिन ने सेवाएं दी। शिविर में 45 पुरूष एवं 15 महिलाओं का निःशुल्क जांच कर दवाई वितरण किया गया। इस मौके पर 12 लोगो नें स्वेच्छा से रक्त दान किया।

### सभापति ने लिया छात्रावास का जायजा



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने कार्यकर्ताओं के साथ टाटेकसा, दीवानटोला बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। बालक छात्रावास 50 सीटर है किन्तु यहां 20 से 25 लोगों के लिए सुविधा है। उन्होंने दीवानटोला में नया भवन स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। कोठीटोला, नवागांव, सीताकोटा के ग्रामीणों की समस्या को सुनकर समिति प्रबंधक सीताकोटा को खाद बीज वितरण करने निर्देशित किया। उन्होंने कोठीटोला स्कूल और पुल का जायजा लिया। महिला समूह से मिलकर समस्या जानने का कोशिश किया। महिलाओं ने उज्जवला गैस कनेक्शन मुहैया कराने की मांग किया। इस दौरान गोदावरी निषाद, तिलकाबाई आदि मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए विज्ञान मॉडल



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रफुल्लचंद्र राय की जयंती मनाया गया। प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, विशेष साहू, अमित शुक्ला, प्रदीप सिन्हा, नरेश सिन्हा, स्मृति पांडे, ओमप्रकाश महोबिया ने पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। शिवम वैष्णव, अलीशा पटेल, चंद्रेश यादव, नागेश्वर साहू, निहाल राजपूत, रेशम पटेल, मयंक पांडे आदि ने गीत कविता आदि प्रस्तुत किया। निशांत जैन एवं साथियों, विवेक ताम्रकार, टीकम वर्मा ने नाटक प्रस्तुत किया। साई कुमार साहू एवं साथियों ने अंधविश्वास पर विज्ञान का प्रहार नामक नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर स्मृति पांडे, थेलेश साहू, मुक्तानंद सोनी आदि ने मॉडल का अवलोकन किया। संचालन यामिनी वर्मा ने किया।

### नेशनल योग के लिए तीन का चयन



**चौकी।** छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता महिला का आयोजन कोरबा में 1 से 3 अगस्त तक किया गया। प्रतियोगिता में जिला योगासन स्पोर्ट्स के अध्यक्ष अशोक साहू, मैनेजर बल्दूराम यादव, महिला कोच ऐश्वर्यराज लक्ष्मी कोर्राम के नेतृत्व में माहुद मचान्दुर की लीना बाम्बेसर, बुद्ध रत्ना रामटेके, अपर्णा रामटेके, प्रेरणा रामटेके, जिज्ञासा साहू, आमाटोला की डिम्पल चन्द्रवंशी, रेशमा गोड़, एंजल टेकाम, कौड़ीकसा की पूर्वी कोर्राम, सरस्वती नेताम सहित कुल नौ बालिकाओं ने भाग लिया। स्पर्धा में पूर्वी कोर्राम, डिम्पल चन्द्रवंशी, सरस्वती नेताम ने गोल्ड मेडल एवं अपर्णा रामटेके ने सिल्वर मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडलिस्ट प्रतिभागी अब नेशनल योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक साहू, घनाराम साव, बल्दूराम यादव, सोमदत्त साहू,रामगोपाल शर्मा, अशोक वर्मा, डा.रंजन साहू, रामेन्द्र तिवारी, ममता देवांगन, डीके राम, संपत राम छेदैया नेबधाई दी है।

## सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में उमड़े भक्त

# कांवड़ यात्रा में दिखा आस्था का सैलाब







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर में शिव भक्तों ने बोल बम के नारों के साथ श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कावड़ यात्रा निकाला। कावड़ यात्रा की शुरुवात श्री महाकाल मंदिर साकेत धाम से हुई। कांवडिए मटिया चौक शिव मंदिर मटिया से होते हुए शिवनाथ नदी तक गए। नदी में कावड़ियों ने बोलबम के नारों के साथ जल भरा और अभिषेक के लिए मेन रोड होते हुए मटिया चौक पहुंचे। यहां सभी कावड़ यात्रियों का शिव भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गाजे बाजे के साथ निकली यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कांवड यात्रा में कांवडिए बम-बम भोले के जयकारों के साथ अबीर गुलाल उड़ा रहे थे। कुछ कांवड़िए भक्ति गीतों पर नृत्य करते नजर आए। कांवड़ यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर महिला, पुरुष और बच्चों की कतार लगी रही। कावड़ यात्रा मटिया शिव मंदिर से होते हुए श्री महाकाल मंदिर साकेत धाम पहुंची जहां शिव भक्तों ने जलाभिषेक और पूजा अर्चना किया। यात्रा का स्वागत जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता ,संतोष यादव, योगेश पटेल, कोमल साहू, प्रफुल्ल जैन, निर्मला मालेकर, डॉ.ललित रामटेके, राहुल जैन, हरि मालेकर, चंदु सोनकर,गौरव यदु आदि ने किया।

सावन महीने के अंतिम सोमवार को नगर एवं आसपास गांव के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।सुबह से ही श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं के साथ मंदिर में पहुंचने लगे थे। श्री महाकाल सेना ने निकटवर्ती शिवनाथ नदी से साकेत धाम तक कांवड़ यात्रा निकला। कांवड़ यात्रा में लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, हेमंत चोपडा, पुरुषोत्तम साहू, सतीश पांडे सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान बम भोले की गूंज रही।

### मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना



### छिपा के लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंची

**डोंगरगढ़।** लोधेश्वर धाम से सुकुलदैहान, हरदी, भानपुरी, मुसरा होते हुए निकली डाक बम कांवड़ यात्रा चौथे सोमवार को छिपा पहुंची। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा किया और आरती उतारा। यह यात्रा मोहारा शिवनाथ नदी से प्रारंभ होकर छिपा के लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंची थी। इस मौके पर ओमकार लिल्हारे, महेश्वर वर्मा, महेंद्र जंघेल, दानेश्वर लिल्हारे, मनीराम लिल्हारे, लोकेश वर्मा, अनेश्वर वर्मा, हरीश भानुशाली, जीवन वर्मा, सुशील लड्डा, नीरज बाजपेई, अभय जंघेल, अमर राजपूत, भारत भूषण वैष्णव, आनंद मूदंडा, अविनाश जैन, अमित चौहान, मनीष देवांगन, विजय साहू, राज बहादुर, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, रवि जंघेल, सुकृत, बालाराम, नीता सलामे, गंगोत्री जंघेल, कमलेश डड़सेना, किरण साहू, भूपेंद्र, अनिल आदि मौजूद थे।

### बच्चों ने निकाला कांवड़ यात्रा

**रामाटोला।** सावन के आखिरी सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला के भैया बहनों ने भगवान शंकर का पूजा अर्चना कर जल चढ़ाया। कार्यक्रम में कक्षा अरुण से पंचम तक के भैया बहनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर चौक चौराहे पर पुष्प वर्षा किया गया। इस दौरान केशोराम वर्मा, प्रधानाचार्य, गायत्री वर्मा, संजना साहू, ओमा कंवर, यामिनी तिवारी, करुणा वर्मा उपस्थित थे।

# मीटर नहीं ट्रांसफार्मर बदले विद्युत कंपनी

- लो वोल्टेज और बिजली गुल से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने अनियमित बिजली आपूर्ति को देखते हुए मीटर के बजाए ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है ताकि लोगों को लो वोल्टेज एवं बार बार बिजली गुल होने की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई दिनों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है जिससे नागरिकों के साथ छात्रों, एवं कामकाजी लोगों को परेशानी हो रही है। विद्युत आपूर्ति में गिरावट के कारण पंखा, फ्रिज, लाइट आदि उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। समस्या के स्थाई समाधान के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया है।

श्री यादव ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली सरकार ने बिजली बिल को हाफ हाफ किया था लेकिन वर्तमान में बिजली दर में लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है जबकि अन्य प्रदेशों में बिजली बिल माफ किया गया है।

### यूपीएससी परीक्षा में सफल होने पर मिलेगा एक लाख

**मोहला।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को राज्य सरकार द्वारा एक लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित वर्ग के अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने प्रोत्साहित करना है। अभ्यर्थी अपना आवेदन आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग में 12 अगस्त तक कार्यालयीन समय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा कर सकते हैं।

# जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया स्वच्छता कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के 890 आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया।

स्वच्छता अभियान में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने उत्साह से भाग लिया। अभियान के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र की सफाई की गई और बच्चों की खेलने की सामग्री को व्यवस्थित किया गया।

सुलभ शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में स्थापित पोषण वाटिकाओं की देखरेख सुनिश्चित की गई। अभियान के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने आंगनबाड़ी केंद्रों के कर्मचारियों की सराहना की और कहा स्वच्छता के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

# जिले को मिला कांस्य एवं ताम्र पदक



**मोहला।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संपूर्णता अभियान में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को कांस्य एवं ताम्र पदक से सम्मानित किया। उन्होंने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिले और विकासखंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीएम मोहला डॉ. हेमेंद्र भुआर्य, सीईओ अंबागढ़ चौकी प्रियंवदा रामटेके, आरएईओ भुवनलाल चुरेन्द्र, सीएचओ मोनिका मांडवी एवं आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भारती कश्यप को सम्मानित किया गया।

### मातृ वंदना योजना का पंजीकरण 15 तक

**मोहला।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पंजीकरण अभियान अब 15 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती और धात्री महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह अभियान आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के प्रयासों से बदलाव की ओर बढ़ रहा है। इस अभियान का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गर्भवती या धात्री महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### प्रतिभास्थली के परिणाम बेहतर

**डोंगरगढ़।** प्रतिभास्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने कड़ी मेहनत और लगन से अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त किया है। 10 वी क्लास में 96.6 प्रतिशत अंक के साथ अक्षांशी, 94.2 प्रतिशत ऋषिता, 94 प्रतिषत दृष्टि, 12 वीं 93.8 प्रतिशत आयुषी, 92 प्रतिशत अंक अनुप्रेक्षा ने प्राप्त किया।

## नई ट्रेन चलने से अंचल के लोगों को मिलेगी सुविधा

# रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नगर को एक नई सौगात दी है। रविवार को रायपुर- जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को सांसद संतोष पांडे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, तरुण हत्थेल, मनोज अग्रवाल, सौरभ कोठारी, राजा माखीजा, सुरेन्द्र सिंह बन्नोआना, जसमीत सिंह बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा के अलावा वरिष्ठ मंडल अभियंता गौरव गजरानी, सहायक मंडल अभियंता रिषभ यादव, शशिकांत द्विवेदी, हरविंदर एस मंगे, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, हीराराम वर्मा, संगीता टेंबुरकर, सविता दरगढ़, अनिल सिन्हा, मनोज कांडे, चंद्रिका डड़सेना, विनीत यादव, विनय बंसल, सुमित मिश्रा, अमित जैन, डीएकेष राव, रेखा राजेश राघौते, शिवांगी साखरे, बबिता मलागार, शारदा यादव, रतन कोसे, भागवत नामदेव, लक्ष्मी यादव, अचलासिंह ठाकुर, सरफराज नवाज, एसपी मिश्रा, सुषमा कोठारी, विजेन्द्रसिंह ठाकुर, नीरज यादव, रवि यादव, संतु राव, परविंदर सिंह मोंटी, अनिता इंदुलकर, अनिल पांडे, आकाश राजपूत, विश्वनाथ यादव, द्वारका प्रसाद शर्मा, ज्योति बड़वाई, गीता मानिकपुरी, माया गजभिए, गिरीश साहू, कैलाश उईके, मुकुंद कंडरा, आवेश निगम, कन्हैया वर्मा, शुभम परिहार, अमन नामदेव, संतु राव, वीरू साहू, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू, रामकुमार साहू, सावन टेंबुरकर, मयंक डोंगरे, स्टेशन मास्टर गुरचरण शेट्टी, श्रीनिवास राव बाबू उपस्थित थे।



### कांग्रेस ने यात्रियों पर बरसाए पुष्प

**डोंगरगढ़।** जबलपुर- रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का स्थानीय रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने उत्साह के साथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्रवासियों को सौगात समर्पित किया। इस ट्रेन सेवा से डोंगरगढ़ से बालाघाट और जबलपुर के लिए आवागमन अधिक सुलभ होगा, जिससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राजसिंह चौहान, अनिल गट्टानी, जितेन्द्रसिंह भाटिया, अनिल मेश्राम, रिम्मी भाटिया, किरण मेश्राम, पार्षद विनायक राव, पायल पूर्ति, सुमित खोब्रागड़े, दिनेश साखरे, नरेश करसे, संजीव गुप्ता, कृष्णा गुप्ता , कैलाश मेश्राम, बबलू खोब्रागड़े, कुणाल जांबुलकर, अमीन उईके, सारिका बडोले आदि मौजूद थे। कांग्रेसजनों ने यात्रियों पर पुष्पवर्षा किया।

# संगठन को करें मजबूत: कोमल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुमर्दा

- जिला अध्यक्ष ने योजनाओं को गांव तक पहुंचाने कहा
- संगठन के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में गुरुवार को भाजपा मंडल के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष श्री राजपूत समेत महामंत्री रविंद्र वैष्णव, सौरभ कोठारी ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा पहनाकर किया गया।

मंडल अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्य वक्ता श्री राजपूत ने पदाधिकारी से परिचय प्राप्त कर कहा कि पार्टी के विचार एवं केंद्र व राज्य के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक ले जाना है और सभी बूथ में जीत सुनिश्चित करना है। इसी भाव के साथ हम सबको एक साथ मिलकर काम करना है। इस अवसर पर किरण वैष्णव, गोपाल भुआर्य, हिरदेराम देवांगन, पतिराम साहू, कोमल सिंह, टूमेश साहू, चंदूलाल पटेल, चित्रलेखा साहू, रजवंतीबाई यादव, मनोहर साहू, ठाकुरराम यादव, लक्ष्मीबाई गुहा, दिग्विजय साहू, चोवाराम साहू, कपिल बघेल, दिलेश्वर मानिकपुरी, योगेंद्र राजपूत मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### नेवता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला टटेंगा में सरपंच दीप्ति साहू ने नेवता भोज का आयोजन किया। नेवता भोज में बच्चों को खीर, पुड़ी, पापड़, सब्जी खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक लिखन सरपा, ख़ोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी एवं संजय साहू आदि उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों ने दी ज्ञानवर्धक प्रस्तुति



**मुसरा।** ग्राम डोड़की में सोमवार को एलएल इंग्लिश मीडियम मुसरा के बच्चों ने मोबाइल एडिक्शन, ट्रैफिक नियम और पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।बच्चों ने मोबाइल के दुष्प्रभाव, यातयात नियम पालन करने के लाभ तथा पर्यावरण संरक्षण की जरूरत से अवगत कराया। इस दौरान प्राचार्य राजेश पंचभाई, खिलेश्वर वर्मा, प्रवीण वर्मा, भूमिका वर्मा, तरुण वर्मा, कुबेर वर्मा, रोशन वर्मा, कांतिबाई, सतीश वर्मा, चन्द्रभान वर्मा, लीकेश्वरी वर्मा, रुखमणि वर्मा, संतोषी वर्मा, प्रीति वर्मा, नीतू कंवर,नेहा निषाद आदि मौजूद थे।

### उमड़ी शिव मंदिरों में भीड़



**खड़गांव।** सावन माह के अंतिम सोमवार को क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण रहा। शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह से महिलाओं ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना किया। प्रेमीनबाई साहू, पूर्णिमा साहू, भारती साहू, रीनाबाई साहू, अर्चना कोर्राम, रेणु, बुद्धेश्वरी रावटे, उमेश्वरी, मोना, राजेश्वरी, प्रमिला, ओमकुमारी, जितेश्वरी आदि ने मंदिर में शिव-माता पार्वती की आराधना किया। इस दौरान भजन-कीर्तन भी किया गया।

### तहसीलदारों की हड़ताल से कामकाज ठप



**घुमका।** तहसीलदारों के हड़ताल पर जाने से तहसील कार्यालय का काम ठप्प हो गया है। पक्षकारों के मामलों की सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों के काम भी अटक गए हैं। जानकारी के अनुसार गत 28 जुलाई से प्रदेश के तहसीलदार हड़ताल पर है। लिपिक डैनी कुमार मल्होत्रा ने बताया कि तहसीलदार के हड़ताल में जाने पर प्रकरणो की सुनवाई नहीं हो रहा है। प्रकरण के पक्षकारों को नई तारीख दिया जा रहा है। नया प्रकरण नहीं लिया जा रहा है। पूर्व से लंबित प्रकरण के पक्षकार तारीख के अनुसार उपस्थिति दे रहे है किन्तु सुनवाई के लिए अगली तारीख दी जा रही है। हड़ताल के कारण नामांतरण, बंटवारा,फौत, अतिक्रमण , सीमांकन, आय,जाति प्रमाण पत्र के कार्य सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। अधिवक्ता चंद्रेश कुमार वर्मा ने बताया कि हड़ताल के कारण राजस्व प्रकरण की सुनवाई नहीं हो रही है जिससे किसान परेशान हो रहे है।अधिवक्ता रामकुमार वर्मा ने कहा कि हड़ताल से वकील एवं नोटरी भी खाली बैठे हैं। मालाडबरी का किसान घनश्याम सिंह ऋण पुस्तिका गुमने पर दूसरी प्रति बनाने का आवेदन लेकर सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचा था, किन्तु हड़ताल का हवाला देकर वापस भेज दिया गया।

## पुरस्कार प्रक्रिया विवाद के घेरे में आने से विभाग की हुई किरकिरी

# शिक्षकों ने गर्मी में किए अन्य कामों के लिए मांगा अर्जित अवकाश, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षण कार्य के अलावा गर्मी में संपादित दीगर कामों के लिए अर्जित अवकाश और पुरस्कार चयन को लेकर पारदर्शिता बरतने की मांग करते हुए छग शिक्षक कांग्रेस ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

संघ जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश्वर सिंह, सचिव छत्रपाल सिंह, राजेंद्र देशलहरा, दिलीप बैस सहित अन्य ने ज्ञापन में कहा कि शासन द्वारा ग्रीष्म अवकाश में लोकसभा निर्वाचन, समर कैंप सहित अन्य कार्यों के लिए शिक्षकों को नियोजित कर उन्हें मुख्यालय नही छोड़ने और संस्था में नियमित उपस्थिति को निर्देश दिया गया था। शासन के नियम अनुसार उपस्थित दिवस के अनुपात में अर्जित अवकाश प्रदान करने डीईओ से संस्था प्रमुखों को निर्देश जारी करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नियम बनाया गया है कि यदि ग्रीष्म अवकाश, शीतकालीन अवकाश में यदि शिक्षकों से अतिरिक्त कार्य लिया जाता है तो कार्य के बदले उपस्थित दिवस के अनुपात में अर्जित अवकाश की पात्रता होगी। संघ ने सेवा निवृत्ति बाद सत्र पूरा करने किए गए कार्य दिवस का पेंशन के अतिरिक्त अंतर राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है।

## शिक्षक के मैदानी कार्य का भौतिक सत्यापन नहीं

### पुरस्कार चयन पर उठाया सवाल, कहा किरकिरी से बचे विभाग

संघ सदस्यों ने संचालक लोक शिक्षण द्वारा सत्र 25-26 राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार को लेकर बात रखते हुए कहा कि इसे लिए जिले के विभिन्न शिक्षक, व्याख्याता, प्रधान पाठक आवेदन कर रहे हैं लेकिन बीते साल पुरस्कार प्रक्रिया विवाद के घेरे में आ गया था और शिक्षा विभाग की किरकिरी हुई है। उन्होंने कहा कि सम्मान के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों की कुल सेवा 15 साल से ज्यादा होना चाहिए। ऐसे शिक्षकों का चयन किया जाना चाहिए जिनका कार्य शालेय गतिविधियों तक सीमित ना हो। आवेदकों द्वारा प्रपत्र में भरी जानकारी का समिति सदस्यों द्वारा स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया जाना चाहिए इस दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उनके कार्यों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए जिसमे पांच साल के परीक्षा परिणाम का फर्द मिलान, समुदाय साथ मिलकर शाला में अधोसंरचना का निर्माण, गार्डन निर्माण, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किया काम, नियमित शाला आना और छोड़ना, बालिका शिक्षा क्षेत्र में संपादित कार्य, क्रियात्मक अनुसंधान, शाला त्यागी बच्चो को शाला तक लाना, पालकों से सतत संपर्क, शाला में विभिन्न क्रिया कलापो के आयोजन राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने जैसे विषयो की गंभीरता से जॉचकर पुरस्कार के लिए शिक्षकों की सूची तैयार करने की मांग की गई है ताकि विवादों से बचा जा सके। संघ ने कहा कि यदि शिक्षक इन सभी बातों मे खरा नहीं उतरता है तो सूची निरंक भेजने का भी प्रावधान है।

### अनुशंसा और कृपापात्र को मिलता रहा पुरस्कार, कागजों पर अनुभव लाभ

शिक्षक कांग्रेस के सदस्यो ने कहा कि शिक्षकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से संपर्क कर अपने कार्यों के अनुशंसा की सिफारिश कराए जाने की जानकारी मिल रही है। पूर्व में देखा गया है कि अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से जिन शिक्षकों पर कृपा रहती है उसका चयन पुरस्कार के लिए किया जाता रहा है परंतु उसकी फाइलों का निरीक्षण करने से पता चला है कि शिक्षक के मैदानी काम का कोई भौतिक सत्यापन नहीं हुआ है केवल कागजों पर उन्हें अनुभव लाभ दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि बीते साल सितंबर में राज्यपाल, अक्टूबर-नवंबर 24 में शिक्षा दूत और ज्ञानदीप पुरस्कार दिया गया परंतु उनका अनुभव प्रमाण पत्र जनवरी-फरवरी 25 में जारी किया गया था। यदि 2024 में पुरस्कार दिया गया है तो 2025 का अनुभव कैसे आधार बन सकता है। इन सब बिंदुओं की भली भांति सत्यापन बाद ही राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार के लिए नामित किया जाना चाहिए। लोक शिक्षण द्वारा ने भी दिशा निर्देश में स्पष्ट किया है चयन बाद यदि जांच में दस्तावेज गलत पाने पर पुरस्कार रद्द किया जा सकता है।

# सात दिन में समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर पंचायत गंडई क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को कलेक्टर के नाम एसडीएम अविनाश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष भिग्येश यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में नौ प्रमुख समस्याओं को उजागर किया गया है और प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिनों के भीतर इनका समाधान नहीं हुआ तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।

ज्ञापन में गंडई के जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत की मांग की गई है। जिसमें मेन चौक से टिकरीपारा और बहेराभाठा तक की सड़कें शामिल हैं। साथ ही टिकरीपारा के वार्ड नंबर 5, 11, 12, 13 और 14 में पेयजल की गंभीर समस्या के समाधान के लिए पानी टंकी के प्रस्ताव को जल्द मंजूरी देने की अपील की गई है।

अन्य मुद्दों में विद्युत कटौती और स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों से उत्पन्न जनआक्रोश को शांत करने की मांग की गई है। इसके अलावा किसानों को सिंचाई के लिए सुरही जलाशय से शीघ्र पानी छोड़ने और गंडई को दुर्ग-रायपुर से जोड़ने वाले दनिया पुल का निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराने पर जोर दिया गया है।

ज्ञापन में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के सामने से शराब भट्ठी को हटाने की भी मांग की गई है। आवारा पशुओं के कारण हो रही जन-धन की हानि को रोकने ठोस कदम उठाने की भी बात कही गई है।

इस सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष भिगेश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, संजू चंदेल, रणजीत सिंह चंदेल, मोहसिन खान, शैलेंद्र जयसवाल, अमित टंडन, क्रांति ताम्रकार सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# तंत्र-मंत्र के नाम पर युवक से 81 हजार रुपए की ठगी

**गंडई-पंडरिया।** ग्राम दनिया के एक युवक के साथ तंत्र-मंत्र और भूत-प्रेत का डर दिखाकर 81 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित शिवा साहू ने गंडई थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी (रायपुर) में टाइल्स मिस्त्री का काम करने वाले शिवा साहू के मोबाइल पर 14 मई को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने उन्हें डराया और अपनी झूठी बातों को सच की चादर से ढंककर इस प्रकार पेश किया कि उनके घर में भूत-प्रेत का साया है और किसी की जान को खतरा हो सकता है। डरकर शिवा ने उसी दिन 5 हजार रुपए और दो दिन बाद 6 हजार बताए गए फोन-पे नंबर पर भेज दिया। इसके बाद 28 मई को दो महिलाएं शिवा के घर आई और तंत्र-मंत्र की पूजा करने लगी। उन्होंने शिवा से कहा कि अगर 60 हजार रुपए नहीं रखे तो घर के किसी सदस्य की जान चली जाएगी। भयभीत होकर शिवा और उनके परिवार ने 60 हजार रुपए महिलाओं के सामने रख दिए। पूजा खत्म होने के बाद महिलाएं 60 हजार रुपए, बर्तन, गेहूं, चावल और तेल लेकर शाम को चली गई। शिवा ने खुद उन्हें दनिया बस स्टैंड पर छोड़ा था, जब 30 मई को शिवा ने उन नंबरों पर वापस फोन किया तो तीनों नंबर बंद आ रहे थे, तब उन्हें अहसास हुआ कि वे ठगी का शिकार हो गए हैं। शिवा के अनुसार कुल 71 हजार रुपए नगद और 10 हजार रुपए की सामग्री मिलाकर उनके साथ कुल 81 हजार रुपए की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने शिवा साहू की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 3(5)बी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मोबाइल नंबरों एवं अन्य जरूरी एंगलो के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कतें, शिविर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आरएचओ और सीएचओ घर-घर जाकर लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस कार्ड के माध्यम से प्रत्येक परिवार को सालाना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलता है, जिसके लिए कई अस्पताल अधिकृत हैं। हालांकि इस महत्वपूर्ण अभियान में कुछ चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, जिससे शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में मुश्किलें हो रही है।

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मोबाइल के जरिए आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है, लेकिन वह प्रतिदिन कुछ ही कार्ड बना पा रहे हैं। जिसके पीछे प्रमुख कारण कि कई लाभार्थियों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक या अन्य जानकारी अपडेट नहीं है। ऐसे में मोबाइल का फेस रीड सिस्टम काम नहीं करता, जिससे कार्ड बनाने की प्रक्रिया रुक जाती है। मोबाइल नंबर का लिंक न होना या बदल जाना भी बाधा पैदा कर रहा है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आधार से लिंक मोबाइल पर ओटीपी आता है। कई लोगों के नंबर उपलब्ध नहीं है या बदल चुका है, जिससे ओटीपी जनरेट नहीं हो पाता।



### थंब स्कैनर की अनुपलब्धता

कर्मचारियों के पास थंब स्कैनर जैसे उपकरण नहीं हैं जिसके कारण फिंगरप्रिंट के माध्यम से पहचान की प्रक्रिया में बाधा आ रही है। बड़ी संख्या में लोग पलायन कर गए हैं, जिससे उनसे संपर्क नहीं हो रहा है।

### पहल किया जाएगा

भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने स्वाथ्य विभाग द्वारा शिविर लगाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रमुख समस्या का समाधान होना चाहिए ताकि आयुष्मान कार्ड जल्द बन सके। शिविर आयोजन के लिए पहल किया जाएगा।

### समाधान के लिए शिविर लगाने की मांग

जानकारों और स्थानीय लोगों का मानना है कि इन चुनौतियों का सबसे प्रभावी समाधान बड़े स्तर पर शिविरों का आयोजन करना है। शिविर आधार अपडेट करने उपकरण, स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ लोक सेवा केंद्र और अन्य एजेंसियों के कर्मचारियों की डयूटी,छूटे लाभार्थियों की सूची होना जरूरी है।

# डेढ़ माह बाद भी छात्रों को नहीं मिली पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नया शिक्षा सत्र शुरू हुए डेढ़ माह से अधिक का समय हो गया है पर अब तक सरकारी एवं नीजि स्कूलों में पुस्तक की समस्या यथावत है। अधिकांश स्कूलों में निगम की निशुल्क पाठ्य पुस्तक नहीं पहुंची है। पहुंची भी है तो आधी अधूरी।

जानकारी अनुसार क्षेत्र में शायद ही ऐसा कोई स्कूल हो जहां पूर्ण पुस्तक मिली हो। किसी स्कूल को आधी अधूरी पुस्तक मिली है, तो किसी विद्यालय को पुस्तक ही नहीं मिली है। जानकारी अनुसार क्षेत्र के कुछ निजी विद्यालयों को निगम द्वारा मिलने वाली निशुल्क पुस्तकें अब तक नहीं पहुची है। जिससे विद्यालय में अध्ययन कार्य शुरू नही हो पाया है। आगे मिली जानकारी अनुसार सरकारी स्कूलों को अपने संकुल से निशुल्क पुस्तक, गणवेश मिल गया है। पर संकुल में निजी विद्यालयों में वितरण के लिए पुस्तक नहीं पहुंची है। इन विद्यालय को जिला स्तर पर पुस्तक वितरण की बात कहां जा रहा है। जानकारी लेने पर पता चला की कुछ स्कूल बीते साल की शेष बची पुस्तक से छात्रों का अध्ययन करा रहें है, तो कही पुस्तक के आभाव में व्याकरण एवं सामान्य एवं अनिवार्य जानकारी देकर कक्षा लगा रहें हैं।

## पालकों में पनप रहा आक्रोश

### छात्रों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

स्कूल खुलने के डेढ़ माह बाद भी छात्रों को पुस्तक नहीं मिलने से पालकों में आक्रोश पनपने लगा है। संतोष जंघेल, सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनके बच्चे निजी विद्यालय में पढ़ते हैं। निशुल्क पुस्तक नहीं मिली है। वही लल्लू राम ने बताया कि उसकी बेटी सरकारी स्कूल में जिसे कुछ ही पुस्तक मिली है। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने इस विषय पर कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। स्कूल खुलने के इतने दिन बाद भी छात्रों को पुस्तक उपलब्ध न करा पाना विभाग की बहुत बड़ी कमजोरी है।

### स्कूलों में होगी त्रैमासिक परीक्षा अगले माह

विभाग के जारी दिशा निर्देश के अनुसार सितम्बर में सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा होना तय है। परन्तु स्कूलों में छात्र आधी अधूरी पहुंची पुस्तक से पढ़ाई कर रहें हैं। कुछ निजी विद्यालय को एक भी पुस्तक नहीं मिली है। ऐसे में छात्र कैसे परीक्षा दिला पायेंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। विभाग द्वारा प्रति सप्ताह एवं प्रति माह सभी विषय पूर्ण कराने का समय सारणी जारी किया गया है। छठवीं की पुस्तक में बदलाव होने तथा पुस्तक नहीं मिलने से समस्या और गंभीर बनी हुई है।

# संभागायुक्त ने किया राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

**छुईखदान।** संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान साल्हेवारा तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली और शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक विलंब नागरिकों के लिए कठिनाई का कारण बनता है, अतः प्रत्येक मामले का समयबद्ध समाधान आवश्यक है। आयुक्त ने कार्यालय में संचालित विभिन्न अनुभागों का भी अवलोकन किया और रिकॉर्ड संधारण, जनहित कार्यों की स्थिति एवं राजस्व सेवा वितरण प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने तहसील कार्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली और सुझाव दिए कि नागरिकों को सरल, पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं देने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएं।



### निर्माणाधीन तहसील भवन का किया निरीक्षण

संभागायुक्त श्री राठौर ने साल्हेवारा में निर्माणाधीन नवीन तहसील भवन का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्माण कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के अंतर्गत निर्मित हो रहे सरकारी भवनों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्य बाजार क्षेत्र का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने सब्जी विक्रेताओं की अस्थायी एवं अव्यवस्थित दुकानों को देखकर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ एवं पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द एक सुव्यवस्थित सब्जी मार्केट शेड का निर्माण कराया जाए।

## ईदगाह मैदान में अशोक के 100 पौधे रोपे गए

# मुस्लिम समाज ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुस्लिम समाज द्वारा ईदगाह मैदान में पौधरोपण किया गया। शहर के गोल बाजार स्थित हन्फी मस्जिद कमेटी की जानिब से पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में अशोक वृक्ष के 100 पौधे ईदगाह मैदान के चारो ओर रोपे गए।

पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन का संदेश देने के लिए मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जामा मस्जिद कमेटी के सदर रईस अहमद शकील, समाजसेवी अंजुम अल्वी, एसडीएम खेमलाल वर्मा, हन्फी मस्जिद के सदर हाफिज शेख मोहम्मद, पार्षद सतीश मसीह, कोतवाली टीआई रामेंद्र सिंह, रज्जाक बड़गुजर, अमीन हुद्दा, अली अहमद सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

### अतिथियों ने की सराहना

पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत करते उपस्थित अतिथियों ने समाज की सराहना करते उपस्थित लोगों को संबोधित किया और वृक्षारोपण के महत्व को बताया। वहीं इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों के साथ समाज के लोगों ने पौधारोपण किया। इस दौरान पौधारोपण को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा था।




**समाज के लोगों ने लगाए पौधे** वृक्षारोपण के इस संक्षिप्त कार्यक्रम के आयोजन में हन्फी मस्जिद के सेक्रेटरी एडवोकेट मोहम्मद हसन, हाजी सलीम रजा, मोहम्मद इब्राहिम, आबिद बेग, अफजल अली, आफताब अहमद, इमरान बीबा, नासिर जिंदरान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### समाज के संरक्षण से वृक्षारोपण होगा सफल

मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना करते महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के इस अभियान का हर समाज अनुशरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज एक जिम्मेदार समाज है। समाज के लोगों ने पौधारोपण करने के साथ ही इन वृक्षों को संरक्षण देने की बात भी कही है, ताकि यहां वृक्षारोपण शत-प्रतिशत सफल हो सके।

### पर्यावरण का संरक्षण जरूरी

शहर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने पौधारोपण अभियान को लेकर कहा कि बीते कुछ वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिससे आने वाले समय में काफी समस्या होगी। उन्होंने कहा कि हर समाज और व्यक्ति का दायित्व है कि वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा इन पौधों को बड़ा करने इनका संरक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने और पौधे उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह का आभार जताया है।

# अंतिम सोमवार में शिवालय रहा शिवभक्तों से गुलजार



**सड़क अतरिया।** सावन के अंतिम सोमवार को क्षेत्र के सभी शिवालय में श्रद्धा भक्ति का माहौल दिखा। शिव मंदिर में सुबह से देर शाम तक शिव भक्तों का मौजूदगी बनी रही।

श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, पुष्प, धतुरा आदि अर्पण कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वनांचल स्थित चोरडाधाम में बहुत से श्रद्धालु सुबह कावड में जल लेकर पहुंचे तथा शिवलिंग का पूजा अर्चना किया। नर्मदा के शिव मंदिर एवं घिरघोली के शिव मंदिर में शिव का जयकारा दिन भर गुंजता रहा। इस अवसर पर बहुत से घरों में श्रद्धालुओ पार्थिव शिवलिंग तैयार कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जन किया।

### भक्ति पर महंगाई भारी

श्रीफल की बढ़ती कीमत का असर मंदिरों में दिखने को मिला। पहले मंदिरों शिव जी श्रद्धालु द्वारा चढ़ायें नारियल से लद जातें थे। पर लगातार नारियल की कीमत बढ़ने से श्रद्धालु वैकल्पिक फल का उपयोग करने लगें हैं। नारियल की जगह केला, सेब आदि फल की चढ़ौतरी बढ़ गई है। श्रद्धालुओं ने बताया की नारियल का दाम 30 से 40 रूपये तक हो गया है। जबकी उन्हें कई मंदिर पूजा अर्चना के लिए जाना होता है। जिससे वह भगवान को भेंट चढ़ाने अन्य फल का उपयोग कर रहे हैं।

# खाद संकट: सोसायटी कर्मी की पिटाई, प्रबंधक के खिलाफ फूटा गुस्सा

## स्टेट हाईवे पर खाद की मांग को लेकर बुधवार को किसान करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

बियासी के समय खाद नहीं मिलने से किसानों की नाराजगी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पखवाड़ेभर से ग्रामीण सोसायटी में खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिल रहा है। आमाटोला सोसायटी के किसान महीनेभर से खाद के लिए भटक रहे हैं। खाद नहीं मिलने से परेशान किसानों ने प्रशासन को 24 घंटे के अंदर खाद मुहैया कराने की चेतावनी दी है अन्यथा बुधवार को खाद की मांग को लेकर किसान पूर्व विधायक छन्नी साहू की अगुवाई में ब्लॉक मुख्यालय अंबागढ़ चौकी के स्टेट हाईवे में चक्काजाम करेंगे।

ब्लॉक के सेक्टर मुख्यालय आमाटोला की सोसायटी में आज सुबह से खाद लेने का इंतजार कर रहे किसानों का गुस्सा पूर्व विधायक छन्नी साहू को देखते ही फट पड़ा। दोपहर में जब पूर्व विधायक छन्नी साहू अपने साथियों के साथ किसानों के आग्रह पर आमाटोला सोसायटी पहुंचे तो किसानों ने बताया कि उन्हें खाद के लिए पिछले महीने से भटकना पड़ रहा है। यहां पर उन्हें खाद नहीं मिल रही है। खाद के लिए उन्हें एक नहीं तीन-तीन, चार-चार बार चक्कर काटना पड़ रहा है। कभी यूरिया देते हैं तो पोटाश नहीं देते है, कभी डीएपी देते हैं तो राखड खाद नहीं देते हैं।

### सोसायटी कर्मचारी की पिटाई

खाद नहीं मिलने से नाराज आमाटोला के एक किसान बरातूराम पिता जोहरलाल ने आज दोपहर आमाटोला सोसायटी के एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सिद्धार्थ सहारे की पिटाई कर दी। किसान खाद नहीं मिलने से नाराज था। बरातू ने बताया कि वह पिछले कई दिन से खाद के लिए चक्कर काट रहा है, लेकिन न तो उसे पर्ची दिया जा रहा है और न ही खाद दी जा रही है। इधर सोसायटी के कर्मचारी सिद्धार्थ ने बताया कि आरोपी युवक ने पर्चा जमा नहीं किया था और वह खाद की पर्ची काटने की मांग कर रहा था, जब उससे परचा की मांग की गई तो वह नाराज हो गया और उसने मेरी पिटाई कर दी। कर्मचारी के अनुसार आरोपी किसान नशे में था। घटना की रिपोर्ट अंबागढ़ चौकी थाना में दर्ज कराई गई है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।



### चक्काजाम करेंगे किसान

आमाटोला सोसायटी में यदि बुधवार सुबह तक किसानों को खाद मुहैया नहीं कराई जाती है तो इस क्षेत्र के किसान ब्लॉक मुख्यालय आकर अंबागढ़ चौकी-राजनांदगांव स्टेट हाईवे में खाद की मांग को लेकर चक्काजाम करेंगे। पूर्व विधायक छन्नी साहू ने किसानों की मांगों का समर्थन करते कहा कि वे किसानों की मांग को लेकर बुधवार को सड़क पर आएंगी।

### नोडल अधिकारी एवं प्रबंधक को खरी-खोटी सुनाई

खाद नहीं मिलने से परेशान ग्रामीणों ने आज दोपहर नोडल अधिकारी श्यामलाल ठाकुर एवं समिति प्रबंधक गंगाधर साहू को जमकर खरी-खोटी सुनाई। किसान इतने आक्रोशित में थे कि यदि पूर्व विधायक छन्नी साहू ने यहां पर मध्यस्थता नहीं की होती तो कोई भी अप्रिय घटना भी घट सकती थी। नोडल अधिकारी श्री ठाकुर ने किसानों को समझाइश देते आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सोसायटी में खाद मुहैया कराया जाएगा। नोडल अधिकारी श्री ठाकुर ने किसानों को समझाया कि उनकी मांग एवं भावनाओं को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा देंगे।

## सार समाचार



राजनांदगांव। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में सावन का झूला उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया और भगवान लड्डू गोपाल का गुणगान किया।

### बघेरा में चला स्वच्छता के प्रति जागरूक अभियान

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गालियों, चौक-चौराहो, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।



इसके अंतर्गत ग्राम बघेरा में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन प्रति शनिवार को किया जा रहा है। सरपंच ऐश्वर्या हरीश देशमुख के नेतृत्व में प्रति शनिवार को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने झाड़ू चलाकर नागरिकों को स्वच्छ बनाए रखने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को समाज के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने घरों के साथ-साथ गांव के समस्त सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने की अपील की है। स्वच्छता अभियान में सरपंच ऐश्वर्या हरीश देशमुख, मीनाक्षी ध्रुव, मोहनलाल साहू, तारिणी आडिल, चमेली, सरोज साहू, लक्ष्मी मांडवी, सरोज निषाद, कमलेश्वरी साहू, नितेश्वरी, धनेश्वरी, रेवती साहू, हेमिन, विद्या आडिल, भारती साहू, पूनम यादव, निर्मला निषाद, शांति देवांगन, सुनीता, सरोज मंडावी, अंजू साहू, जंत्री, माधुरी यादव, उषा देवांगन, वंदना, हेम कल्याणी देवांगन शामिल थी।

### दिल्ली फैशन रनवे वीक में चमके राजनांदगांव के नन्हे मॉडल



**राजनांदगांव।** स्थानीय प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते दिल्ली में आयोजित दिल्ली फैशन रनवे वीक और आइकॉनिक फैशन रनवे वीक में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह फैशन शो 1 से 3 अगस्त तक आयोजित हुआ। जिसमें पूरे भारत से मॉडल्स ने हिस्सा लिया। प्रिंस एंड प्रिंसेस ऑफ राजनांदगांव प्रतियोगिता से चयनित खयाती पटेल, प्रिया यादव, अंशदीप सिंह, गिरीश साहू, प्रमय सेथिया, आर्यन बांधव और प्रियांशु साहू ने इस मंच पर अपना जलवा बिखेरा। बच्चों के मार्गदर्शन के लिए कोच मनीष साहू और ऋषि साहू भी उनके साथ दिल्ली गए।

### विद्यार्थियों को बांटी गई पुस्तकें

**राजनांदगांव।** आराधना महिला मंडल द्वारा ग्राम बोरी हाईस्कूल के विद्यार्थियों में पुस्तकें वितरित कर टाफियां व चाकलेट बांटी गई। पुस्तकें पाकर विद्यार्थी काफी खुश हुए।



इस अवसर पर आराधना महिला मंडल की सचिव पुष्पा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अलका जानी, संरक्षिका सरस्वती माहेश्वरी, आभा पोद्दार, शशिप्रभा खंडेलवाल, चंद्रकला अग्रवाल, इला पटेल, भगवती खंडेलवाल, पुष्पा रमेश अग्रवाल आदि ने स्कूल की प्राचार्य अनिता सहारे व स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में श्री रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को उनकी जयंती प्रसंग पर याद किया गया।संरक्षक सरस्वती माहेश्वरी व अलका जानी ने तुलसी दास को लोक शिक्षण का संत कवि बताते कहा कि भारतीय समाज तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरित मानस के आदर्श पात्रों को जीते हुए मर्यादित जीवन शैली को अपनाएं हुए हैं। इस अवसर पर बोरी सरपंच लालाराम देवांगन, पंच मानिकचंद्र देवांगन, शाला विकास व प्रबंधन समिति के टीएस लकड़ा, शिक्षिका विभा कायरकर, स्कूली बच्चे व स्टाफ उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय खेल महोत्सव का समापन

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन का शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को पुरस्कार वितरण किया तथा प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग दीक्षा गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन अंतर्गत दो दिवसीय खेल का आयोजन किया गया। जिसमें 6 जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, राजनांदगांव और महासमुंद के लगभग 517 खिलाड़ी शामिल हुए। राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धा में तीरंदाजी, ऐथलिट, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, चेस, जिमनास्टिक, जुडो, टेनिस, शूटिंग, टेबल टेनिस, ताईक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, फ्री स्टाइल कुश्ती, योगा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।



## कलेक्टर ने कहा: जल जीवन मिशन के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# दो माह में 80 गांव में हर घर नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक ली तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर भुरे ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना अंतर्गत सभी सब इंजीनियर्स को लक्ष्य प्रदान करते 30 सितंबर तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिए गए लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करें, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि विगत दो माह में 80 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 145 ग्राम को हर घर जल प्रमाणित करने लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसे गंभीरता से पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण हो गए हैं, उन्हें सरपंच से समन्वय करते हैंडओव्हर करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को पूर्ण हुए निर्माण कार्यों को हैंडओव्हर करने के कार्य में गति लाए। जिससे शासन की इस महती योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रदाय के कार्यों में प्रगति आएगी। ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी सौंप दें। उन्होंने जलागार के संचालन, मरम्मत, रख-रखाव के लिए नल जल मित्रों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए, ताकि सफलतापूर्वक इसका संचालन हो सके।




### हर माह चार्ज

उन्होंने कहा कि ग्रामों में हर घर जल योजना के तहत यूजर चार्ज प्रतिमाह ले। ग्राम पंचायतों में परिवार के सदस्यों की संख्या के आधार पर यूजर चार्ज लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे जलागार जहां कांट्रेक्टर ने टंकी निर्माण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किया है, उनका टेंडर निरस्त कर रि-टेंडर करने के निर्देश दिए।

### ठेकेदारों पर कसा शिकंजा

कलेक्टर भुरे ने कहा कि ऐसे कांट्रेक्टर जो कार्य में रूचि नहीं ले रहे हैं, उसे निरस्त करते कांट्रेक्टर के निविदा में प्रस्तुत अमानत राशि को शासन के पक्ष में राजसात करने तथा एक वर्ष के लिए खंड कार्यालय राजनांदगांव द्वारा जारी किसी भी निविदा में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित करने कहा। उन्होंने सभी पूर्ण हुए कार्यों की प्राथमिकता देते एंट्री करने कहा। कलेक्टर ने क्रेडा के तहत जल जीवन मिशन अंतर्गत सौर ऊर्जा से संचालित कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला में कार्यरत कांट्रेक्टर्स मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स डोंगरगढ़ द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर अंतिम कारण बताओ नोटिस देते अनुबंध निरस्त किया गया।

### 23 गांव में 70 फीसदी काम

मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समीर शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल योजना के तहत 153 गांव में कार्य पूर्ण हो गया है तथा 17 गांव में शीघ्र ही कार्य पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि 57 गांव में ऐसे कांट्रेक्टर जो कार्य नहीं कर रहे थे, उनका अनुबंध निरस्त करते नए कांट्रेक्टर को कार्य आबंटित किया गया है। जिससे 11 गांव में कार्य पूर्ण हो गए हैं तथा जल प्रदाय प्रारंभ हो गया है। 23 ग्राम में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गए हैं तथा कार्यों में तेजी आई है।

## संतोष जिला संयोजक मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं जिला सैन्य मातृशक्ति राजनांदगांव ने 3 अगस्त को मित्रता दिवस पर विशेष बैठक आयोजित किया गया।

जिसमें जिला संयोजक के लिए संतोष सिंह को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। जिला परिषद द्वारा निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण एवं डोंगरगढ़ में चलाए जा रहे निःशुल्क योद्धा फिजिकल अकादमी के कार्यों का समीक्षा किया गया, जिसे भविष्य में वृहद रूप चलाए जाने पर व्यापक चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक झा, संरक्षक जीएस भाटिया, बसंत रावटे, गुमान साहू, झनक विश्वकर्मा, उमेश गंगबेर, पीयूष साव, संतोष सिंह, अमर साव, संजय पवार, अंगेश्वर सिन्हा, भोजेश्वर गंजीर, भूषण सिन्हा, तिरुपति राव, जी. राजू, कमलेश विजयवार, युगलकिशोर, कन्हैया साहू, कलीराम, सीएल साहू, ईश्वर जागृत, विशाल साहू, एके पांडेय, उमा सिन्हा, घनश्याम साहू, सावन वर्मा, आरके मिश्रा शामिल हुए।



राजनांदगांव। शीतला माता मंदिर वार्ड नं. 24 में पूर्व सांसद और राजनांदगांव नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती करुणा यादव, उनके सुपुत्र रिभय यादव और वार्ड नं. 24 पार्षद शैंकी बग्गा ने सावन महीने के आखिरी सोमवार के दिन शिवलिंग में जल, बेलपत्र और पुष्प अर्पण कर सर्व समाज की सुख शांति के लिए पूजा अर्चना की।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने डीएसएम लालपेठ कालोनी चंद्रपुर महाराष्ट्र निवासी सैय्यद तौसिफ के स्वामित्व की जब्तशुदा स्कार्पियों डीआई बीएसआईआई वाहन को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त राशि को शासन के मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सावन सुंदरी स्पर्धा में वर्षा प्रथम

**राजनांदगांव।** महेश्वरी भवन में आयोजित सावन सुंदरी प्रतियोगिता में पार्षदों ने पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में पार्षद वर्षा शरद सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। पार्षद प्रियंका कुरजेकर को द्वितीय और अपूर्वा समीर श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस आयोजन में नगर निगम की महिला प्रतिनिधियों और कई अन्य गणमान्य महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में केवरा विजय राय, बीना ध्रुव, मधु बैद, खेमीन यादव, झमिता सेन, रेखा पारख, श्रुति जैन, रीना सिन्हा, अमृता सिन्हा, शांति पत्रे और नयामत हुड्डा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही। मुख्य अतिथि करुणा यादव, रितु अतुल, श्वेता सोनी और सीमा पवन डागा कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में महापौर मधुसूदन यादव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया।

इस दौरान निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, चेयरमैन राजा मखीजा, पार्षद सावन वर्मा और पार्षद डरेन्द्र साहू भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में नृत्य, गीत, भजन और मनोरंजक खेलों के माध्यम से महिलाओं ने सावन के इस पर्व का भरपूर आनंद उठाया।



## मोपेड में बोरी भरकर ले जा रहा था शराब, पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड में अवैध रूप से बोरी में भरकर शराब का परिवहन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 80 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 3 अगस्त को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अपने स्कूटी वाहन में अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब परिवहन कर बिक्री हेतु ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल मौके पर टीम रवाना कर घटनास्थल ग्राम दिवानझटिया से मचानपार मार्ग में पहुंचकर घेराबंदी की गई। मुखबीर के बताए हुलिया का व्यक्ति आने पर रोककर पूछताछ करने से आरोपी द्वारा अपना नाम अरशद अली 19 वर्ष निवासी हनुमान पारा तुमडीबोड चौकी तुमडीबोड़ बताया। शराब परिवहन करने संबंधी नोटिस देने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना आरोपी द्वारा बताने पर आरोपी के कब्जे से स्कूटी में बोरी से 80 पाव देशी प्लेन मदिरा शोले ब्रांड कीमती 6,400 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त एक नग स्कूटी को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### 148 पौवा शराब बरामद

इधर ग्राम झटिया से गोड़ी मार्ग के पास पहुंचकर घेराबंदी कर मुखबीर के बताए हुलिया का व्यक्ति आने पर रोककर पूछताछ करने से अभियुक्त द्वारा अपना नाम संजय साहू 27 वर्ष निवासी ग्राम दिवानभेड़ी द्वारा शराब परिवहन करने संबंधी नोटिस देने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना अभियुक्त द्वारा बताने पर मामला अवैध शराब परिवहन करना पाए जाने से मौके पर अभियुक्त के विरुद्ध 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते आरोपी के कब्जे से बोरी से 100 एवं घटना में प्रयुक्त वाहन की डिक्की से 48 पाव कुल 148 पाव देशी प्लेन मदिरा शोले ब्रांड कीमती 11,840 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# एक साथ निकली तीन मासूम दोस्तों की अर्थी, अंतिम संस्कार में रोया पूरा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपाहरी में रविवार शाम को तीन बच्चों की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो जाने पर परिवारजनों सहित पूरे गांव में मातम पसर गया है। आज बड़ी संख्या में जुटे क्षेत्रवासी ग्रामीणों की मौजूदगी में गमगीन माहौल के बीच तीनों मासूम का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

उल्लेखनीय कि रविवार छुट्टी के दिन तीन बच्चे शाम 4 बजे लगभग अपने-अपने घर से खेलने निकले हुए थे। इसी बीच खेलते-खेलते वे लोग गांव के तालाब में नहाने घुस गए। तालाब गहरा था और गहराई की जद में आकर तीन 6 से 7 साल के मासूम बच्चे डूब गए। बच्चों का नाम नव्यांश कुमार पिता सुभाष, हिमांशु पिता प्रवीण साहू तथा लक्ष्य पिता वेदप्रकाश है। एक बच्चा गांव के ही प्राथमिक शाला में पढ़ता था। वहीं दो बच्चे अंबागढ़ चौकी स्थित निकी स्कूल में पढ़ने जाते थे। सरपंच पंचराम चंद्रवंशी ने बताया कि घटना रविवार शाम की है। परिवारजनों के साथ कुछ ग्रामीण शाम 6 बजे के आसपास बच्चों को खोजते हुए तालाब में पहुंचे, जहां तालाब के सीढ़ी में बच्चों के कपड़े देखे गए। जिससे किसी घटना की आशंकावश तालाब का मुआयना किया गया, तब पता चला कि तीन बच्चों का शव तालाब में डूबा हुआ है। जैसे-तैसे ग्रामीण और परिजनों ने तीनों शव को तालाब से बाहर निकालकर उन्हें आनन-फानन में अंबागढ़ चौकी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा बच्चों को मृत घोषित करने के उपरांत शव को स्थानीय मरच्युरी में रखवाया गया तथा सोमवार को शव पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।



गमगीन माहौल में आज तीनों मासूम बालकों का बड़ी संख्या में जुटे क्षेत्रवासी व ग्रामीणों की मौजूदगी में एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ तीन-तीन अर्थी गांव से निकली। जिससे पूरे गांव में मातम पसर गया और लोग इस हृदय विदारक घटना में रोते-बिलखते रहे।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

तीन-तीन होनहार प्राथमिक शाला के छात्रों के एक साथ तालाब में डूबने के कारण हुए अकाल मौत से मृत मासूम छात्रों के माता-पिता तथा परिवारजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। इस घटना में माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

### एक साथ अंतिम संस्कार

रविवार शाम को तीन मासूम दोस्तों के तालाब में डूबने से हुई मौत के बाद आज दोपहर को छछानपाहरी गांव के मुक्तिधाम में तीनों नाबालिग छात्रों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव सहित आसपास गांव के ग्रामीण मौजूद रहे। अंतिम संस्कार में तीन तीन मासूमों के अर्थी देख सभी का दिल पसीज गया। बच्चों की मौत के गम में गांव के घरों में चूल्हा भी नहीं जला।




खबर संक्षेप

## गोस्वामी तुलसीदास व उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई



**हरिभूमि कवर्धा।** आदर्श जन-कल्याण संस्थान कवर्धा द्वारा गोस्वामी तुलसीदास एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ सुनील गुप्ता एवं उपस्थित सदस्य साहित्यकारों द्वारा मां शारदे, गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष डॉ सुनील गुप्ता ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास मध्यकालीन हिंदी साहित्य के महान रामभक्त कवि थे तथा मुंशी प्रेमचंद हिंदी के सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यासकार, कहानीकार एवं विचारक थे वरिष्ठ साहित्यकार हरि विश्वकर्मा ने कहा कि गोस्वामी ने श्रीराम चरितमानस एवं हनुमान चालीसा जैसे विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ की रचना की। वरिष्ठ इतिहासकार एवं पुरातत्वविद आदित्य श्रीवास्तव ने आदर्शोन्मुख यथार्थवाद को प्रेमचंद के साहित्य की मुख्य विशेषता बताया। संस्थान के कार्यक्रम संयोजक अंकुर गुप्ता आकाश ने कहा की कवि तुलसीदास का साहित्य मानवता के लिए दीपस्तंभ की भांति है वही प्रेमचंद की कृतियां भारत के सर्वाधिक विशाल और विस्तृत वर्ग की कृतियां हैं। तत्पश्चात शिक्षक साहित्यकार अशोक कुमार गुप्ता ने महान गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर उनके संगीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान के सदस्य योगेश राजपूत, सुखनंदन चंद्रवंशी, श्रीमती सुलेखा गुप्ता, बालकवि सुयश गुप्ता एवं सुयज्ञ गुप्ता उपस्थित थें।

## भोरमदेव में भारत स्वाभिमान (पतंजलि) संगठन ने किया पौधारोपण

**हरिभूमि कवर्धा।** भारत स्वाभिमान (पतंजलि) संगठन द्वारा सोमवार को आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के अवसर पर जड़ी-बूटी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेदिक जीवनशैली, औषधीय पौधों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ-सत्संग से हुई, जिसके बाद औषधीय पौधों का वितरण किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण-संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान भारत स्वाभिमान के सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की ओर से टी-शर्ट वितरित की गई। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने भोरमदेव मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को नींबू शरबत भी वितरित किया गया। इस बीच संगीत का कार्यक्रम चला जिसमें ओंकार सिंह राजपूत, गिरीश राजपूत, रवि राजपूत एवं खोमेष राजपूत ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय माहौल बनाया।

# विश्व प्रकृति सरंक्षण दिवस पर कुण्डा में प्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विश्व प्रकृति सरंक्षण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कुण्डा जनप्रतिनिधियों ने धार्मिक, सार्वजनिक एवं शासकीय स्थानों पर पौधरोपण किया। विश्व प्रतिकृत संरक्षण दिवस प्रतिवर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है यह दिन हमारे प्राकृतिक पर्यावरण जिसमें जंगल पानी, जीव- जंतु और पौधा शामिल है। वृक्ष पर्यावरण को संतुलित बनाए रखती है इस लिए हर इंसान को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए, इसी उद्देश्य के चलते ग्राम पंचायत कुण्डा सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, पंचगण नंदकुमार साहू, शंकुतल लवलेश चंद्राकर, खिलेश्वरी लव साहू, राजू साहू, रुखसाना नीलू खान, यशवंत चंद्राकर, वागीश चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, कल्याणी मनीष सोनवानी, कृष्णा बंजारे, कांति आनंद परवाना, मनोज भास्कर, चैतन्य सोनी, श्लेखा गणेश सोलंकी, गायत्री पन्ना साहू, गंगोत्री भागवत साहू, रमेश सारथी, सकीना मुमताज अहमद, पुष्पा रमेश साहू ने यज्ञ स्थल, रास मण्डप, ग्राम पंचायत भवन एवं आरक्षी केंद्र कुण्डा परिसर में नींबू, जामुन, नीम, अशोक सहित छायादार व फलदार एवं शोदार पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने एवं हर आदमी को एक पेड़ लगाने का संदेश दिया।



### वृक्षारोपण से वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है: हरेंद्र चंद्राकर

वृक्षारोपण पश्चात सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा वृक्षारोपण एक सतत प्रकिया होना चाहिए जिसमें जिसमे हर व्यक्ति को भाग लेना चहिए, श्री चंद्राकर ने कहा पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते है और ऑक्सीजन छोड़ते है। जिसमें वायु की गुणवत्ता में सुधार होता है वे हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते है और वायु प्रदूषण को कम करते है हमे स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त वायु मिलता है।

### पेड़ जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करती है

उपसरपंच मुमताज अहमद ने वृक्षारोपण उपरांत कहा पेड़ कार्बन डाइ ऑक्साइड को अवशोषित करके ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करती है पेड़ मिट्टी में नमी बनाए रखने में मदद करते है और जल स्रोतों को रिचार्ज करते है जिससे जल संरक्षण होता है, उन्होने कहा पेड़ वन्यजीवों के लिए भोजन आश्रय एवं प्रजनन की स्थल प्रदान करती है।

## जिले के 14 पंचायतों में 3.45 करोड़ की लागत से हो रहा महतारी सदनों का निर्माण

# कलेक्टर ने निर्माणधीन महतारी सदन के कार्यों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सोमवार को सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम रणवीरपुर में नवनिर्मित महतारी सदन, लागत 24 लाख 70 हजार एवं विधायक निधि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन 8 लाख 57 हजार रुपए के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुणवत्ता की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्यों की धीमी गति और मसाले में सीमेंट की कम मात्रा पाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर विनय पोयाम विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता, शिथिलता या मॉनिटरिंग में लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ रवि साहू को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले के विभिन्न पंचायतों में राज्य शासन द्वारा स्वीकृत 14 महतारी सदनों के निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत माताओं-बहनों को पंचायत स्तर पर सुविधाएं जागरूकता और सशक्तिकरण का सशक्त मंच मिलेगा। उन्होने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में 3 करोड़ 45 लाख 80 हजार रूपए की स्वीकृत लागत से प्रति महतारी सदन 24.70 लाख रूपए की राशि से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड के ग्राम बम्हनी, रबेली, लखनपुर, खडौदा, रबेली, भागुटोला, मैनपुरी, जोराताल, बरबसपुर, बिरकोना व धरमपुरा तथा सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम रणवीरपुर तथा पंडरिया विकासखंड के मोहतराखुर्द, कुंडा एवं जेवडन कला में महतारी सदन स्वीकृत है। सभी कार्यों की निगरानी स्वयं कलेक्टर द्वारा की जा रही है, जो समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा बैठकों के माध्यम से निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति पर नजर बनाए हुए हैं। निरीक्षण के दौरान लोहारा जनपद सीईओ शिव साहू, आरईएस एसडीओ रवि साहू विशेष रूप से उपस्थित थें।

### गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रणवीरपुर में महतारी सदन राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत माताओं-बहनों को पंचायत स्तर पर सुविधाएं जागरूकता और सशक्तिकरण का सशक्त मंच मिलेगा। वहीं कार्य एजेंसी से ईंट जुड़ाई में सीमेंट की मात्रा कम पाए जाने पर तीखी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण एजेंसी को फटकारते हुए स्पष्ट किया कि कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सतत मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को सौंपी गई है।

# स्कूल मैदान में झुके बिजली के पोल, हादसे की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत सैहामालगी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के मैदान में झुके बिजली के खंभे और नीचे लटकते तार किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। मैदान में खेलने वाले विद्यार्थियों की जान को हर समय खतरा बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की भारी अनदेखी से विद्यालय परिसर के समीप से गुजर रही बिजली लाइन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। कई जगह खंभे बुरी तरह झुक चुके हैं, कुछ तो केवल तारो के सहारे खड़े हैं। इनसे कभी भी तार टूट सकते हैं या खंभे गिर सकते हैं, जिससे मैदान में मौजूद विद्यार्थियों को गंभीर चोट या जान का खतरा हो सकता है। शाला के शिक्षकों ने बिजली विभाग को कई बार लिखित में अवगत कराया, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी ने मौके पर आकर हालात नहीं देखे। मैदान में खेलने वाले विद्यार्थियों को रोज खतरे में झोंका जा रहा है। ग्रामीणों ने भी बिजली व्यवस्था की इस स्थिति पर चिंता जाहिर की है। विद्यार्थियों को स्कूल आते-जाते रोज इन्हीं तारो के नीचे से गुजरना पड़ता है। खेलते समय वे कई बार तारो के करीब आ जाते हैं, इससे हादसे का भय है। जिस पर ग्रामीणों ने जल्द से जल्द खंभे और तार को दुरुस्त करने की मांग की गई ताकि स्कूल परिसर और आबादी वाले क्षेत्रों में लगे झुके खंभों को तत्काल बदला जाए।

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी शुरू




**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज रूढ़ी जन्य परंपरा आधारित के संयोजन में जिले में कार्यरत समस्त सामाजिक संगठनों का बैठक गत दिनों शनिवार को आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में जिलाध्यक्ष तिरु अमरसिंह कुशरे के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि बैठक में अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद, वीरांगना रानी दुर्गावती महिला ब्रिगेड, जिला गोंड समाज सेवा समिति, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, उरांव समाज, आदिवासी हलबा समाज, जिला बैगा समाज, आदिवासी कंडरा समाज, संवरा समाज, अगरिया समाज, आदिवासी धोबा समाज, कंवर समाज, भील, भिलाला समाज आदि के पदाधिकारियों ने मिलकर जिला मुख्यालय में भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। 09 अगस्त 2025 विश्व आदिवासी मूल निवासी दिवस को महारैली आदिवासी मंगल भवन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए रानी दुर्गावती चौक में सामूहिक रेला पाटा पश्चात संगोष्ठी का आयोजन होना है। महारैली में आंगादेव, कर्मा, रेला पाटा दल, बैगा नृत्य के नर्तक दल के साथ आदिवासी समाज के मातृशक्तियां एवं समाज प्रमुख, लया लयोर अपने आदिवासी वेशभूषा में शामिल होंगे। सामाजिक संदेश के साथ साथ अपने संवैधानिक अधिकार के शत-प्रतिशत पालन कराने, भाषा, संस्कृति, देव स्थल आदि को संरक्षित रखने तथा जनगणना में पृथक कॉलम, विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग संबंधित तख्तियां महारैली में शामिल रहेंगे । इस अवसरपर बड़ी संख्या में समाज के लोग तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## चंदनिया कुर्मी क्षेत्रीय समाज में जलेश्वर महादेव में किया भोजन भण्डारा-प्रसादी का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** श्रावण माह के चौंथा सोमवार को भगवान भोलेनाथ के विधि विधान से पूजा अर्चना कर व दर्शन करने दूर-दराज से ग्रामीण जन व भक्तजनों बड़ी संख्या में पहुंचे है। वहीं चौथे सोमवार को डोंगरिया में चंदनिया (चन्द्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के चौथे सोमवार को जलेश्वर महादेव घाट डोंगरिया में भव्य भण्डारा-प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें चंदनिया (चन्द्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज लोगों ने बताया कि भंडारा-प्रसादी वितरण में चंदनिया (चन्द्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज के उद्देश्य भोलेनाथ के भक्तों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करना है। इस कार्यक्रम को लेकर सभी स्वजाति के लोगो में भारी जोश व उत्साह देखा गया, जो सामाजिक एकता का बहुत बड़ा परिचायक है। इस कार्यक्रम दौरान कपिल चंद्राकर, हरेंद्र चंद्राकर, श्रीमती सारिता अजय चंद्राकर, नंदलाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, लक्ष्मण चंद्राकर, कैलाश चंद्राकर, नंदलाल चंद्राकर, विरेन्द्र चंद्राकर, सुरेन्द्र चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, राजू, शंकर, पुरषोत्तम, बरसनो एवं चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# शिक्षा विभाग पंडरिया का औचक निरीक्षण से आ रही प्रशासनिक कसावट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

परिणाम और भी सुखद तब हो जाता है जब कार्यो का मूल्यांकन हो, ऐसा ही कुछ इस समय शिक्षा विभाग पंडरिया में देखने को मिल रहा है। वनांचल के अंतिम छोर पर स्थित शासकीय विद्यालय में सतत व सघन निरीक्षण की जा रही है। निरीक्षण से प्रशासनिक चुस्ती के साथ साथ शिक्षको का मनोबल भी बढ़ रहा। वे अपनी उपलब्धि व परेशानियों को अधिकारी के सामने रख रहे है। शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही एमके गुप्ता, बीईओ, दीपक ठाकुर एबीईओ द्वारा सघन निरीक्षण किए, ऐबीईओ श्री ठाकुर द्वारा दुरुस्त वनांचल क्षेत्र बोहिल, आगरपानी, रुखमीदादर, बाहपानी, सिंगपुर वही मैदानी क्षेत्र मैनपुरा, नवागांव, डोमसरआ, सिर्मगुड़ा जाकर शिक्षा व्यवस्था की नब्ज टटोली। निरीक्षण में रंग-रोगन, डायरी लेखन, मीनू चार्ट, गणवेश वितरण, स्वच्छता, बुक स्केनिंग, प्रोग्रेसन, जर्जर भवन ,अनुशासन, एमडीएम पर आवश्यक निर्देश दिए। कर्तव्य परायणता का बोध कराते हुए उनके द्वारा की गई अच्छे कार्य के लिए पीठ भी थपथपाई। विकासखंड पंडरिया द्वारा की जा रही औचक निरीक्षण से प्रसाशनिक कसावट तो आ रही है वही शिक्षक अपने विद्यालय की मूलभूत समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रख पा रहे है ये कवायद यदि सतत जारी रही तो निश्चित रूप से इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। सभाजीत सिंग संकुल समन्वयक कुई ने कहा कि निरीक्षण से प्रशासनिक कसावट के साथ कमियों व उपलब्धि की जानकारी होती है बहरहाल विद्यार्थी हित मे शिक्षा विभाग का ये प्रयास सराहनीय है।

## कुर्सी दौड़, मेहंदी, चित्रकारी, मेकअप, बैलून, बॉल रेस प्रतियोगिता में महिलाओं ने लिया हिस्सा

# जिला महिला संगठन सर्व नाई-सेन समाज ने भारतीय संस्कृति व परंपरा के साथ आयोजित किया सावन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला महिला संगठन सर्व नाई सेन समाज ने कवर्धा सामाजिक भवन में जिले के बहनों द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सैकड़ों बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अतिथि सुश्री ऋतु श्रीवास नायब तहसीलदार और श्रीमती सीता श्रीवास सरपंच रहे, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती सीता श्रीवास द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी व श्री सेन महराज के प्रतिमा पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। पश्चात श्री सेन महराज की आरती कर, छत्तीसगढ़ महतारी के भाव लेकर राज्यकीय गीत के साथ समस्त उपस्थित जन भाव विभोर हुए के बाद संगीतमय सुर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, श्रीराम की गाथा महिला समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया। पश्चात अतिथि स्वागत कार्यकारिणी द्वारा किया गया, श्रीमती लता श्रीवास जिला उपाध्यक्ष द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सचिव ने उद्बोधन में जिला सचिव निर्मला श्रीवास ने कहा कि जिला में समाजिक रूप से महिला संगठन धीरे धीरे एक सूत्र में जुड़ रही है और सामाजिक चिंतन में पुरुषों के साथ अग्रसर है, संगठन प्रारंभ से ही अपने विभिन्न आयोजन के माध्यम से बेटियों के सम्पूर्ण विकास पर कार्य कर रही है, चाहे बेटी पढ़ाओं योजना हो या उच्च शिक्षा पर अग्रसर करने की बात आज समाज के बेटियां शासन और प्रशासन के उच्च पदों पर आसीन है और राष्ट्र हित में कार्य कर रहे हैं आने वाले समय में हम अब मिलकर योजनाओं का विस्तार करेंगे और समाज और राष्ट्र हित में कार्य करते रहेंगे। श्रीमती सीता श्रीवास ने बताया कि पूर्व में जिला में महिलाएं केवल घर ही संभालते आए है हम और आप जैसे महिलाएं अग्रसर होकर समाज को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे है और आने वाले पीढ़ी को एक नई समझ प्रदान कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सेन ने बताया कि संगठन जिला में स्व. ध्रुव सिंह श्रीवास द्वारा मजबूती के साथ तैयार किया गया, जिले की नाम राज्य ही नहीं अपितु सामाजिक स्तर पर राष्ट्र में प्रतिनिधित्व करते आये है, विगत आठ वर्ष पहले उनके द्वारा मुझे महिला संगठन तैयार करने की सलाह दिया गया। आज संगठन विस्तृत होकर गांव गांव तक की हमारी बहने सामाजिक चिंतन में लगे हुए हैं जिसका परिणाम है कि आज इस आयोजन में सैकड़ों बहने एक साथ अपनी एकता का परिचय दे रहे ही जाहिर है यदि संगठन मजबूत रहे तो बड़ा सा बड़ा विचार और आयोजनों को हम मिलकर आसानी से सफल बना सकते हैं। श्रीमती संतोषी श्रीवास जिला कोषाध्यक्ष और श्रीमती सुमन सेन जिला सहसचिव द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़, मेहंदी, चित्रकारी, मेकअप, बैलून, बॉल रेस आदि रहा। पश्चात सावन के गीतों के साथ सभी उपस्थित बहने सावन झूले का आनंद लिए और श्रृंगार सामग्री स्नेह पूर्वक सभी को प्रदान किया गया, उपस्थित पुरुष वर्गो को श्रीफल और श्री हनुमान चालीस भेंट किया गया। अतिथि को कवर्धा शहर अध्यक्ष शैल श्रीवास और शहर सचिव मंदाकिनी सेन द्वारा श्रृंगार सामग्री और शाल भेंटकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# डबराभाट गुरुद्वारा परिसर में चौथे सोमवार को किया भण्डारा का आयोजन

- गुरु घासीदास गुरु गद्दी, अमर ज्योति कलश व जोड़ा जैतखंभ की पूजा अर्चना की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट स्थित गुरूद्वारा सतनाम समाज के अनुयायियों ने विशाल गुरुद्वारा मंदिर की स्थापना की गई। वहीं भव्य भंडारा-भोज प्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरु बाबा घासीदास के गुरु गद्दी और अमर ज्योति कलश जोड़ा जैतखंभ की विधि विधान से पूजा अर्चना तथा चौका मंगल आरती सतनाम भजन सकीर्तन के साथ किया गया। जिसमें समाज के प्रमुख भंडारी व पुजारी रामविलास पात्रे ने बताया की गुरु बाबा घासीदास के बताए हुए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया, उन्होंने बताया कि गुरु बाबा घासीदास के संदेशों को मनखे-मनखे के एक समान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम डबराभाट में विशाल गुरुद्वारा मंदिर की स्थापना की गई है। जहां प्रतिवर्ष तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से गुरु बाबा घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाता है इसी तरह सावन माह की चौंथा सोमवार को बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को लोगों तक पहुंचाने के लिए सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें खीर-पुरी, चिला और सुजीआटा की प्रसाद परोसा गया। जिसमें महिला पुरुष और बच्चों बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए साटीदार बालक बंजारे, बाबूलाल टंडन, पंचराम पात्रे, विश्राम बंजारे, गोलू बंजारे, अर्जुन कोसले, महेंद्र कोसले, राजेश मोहले, रूद्र पात्रे, मोहन टंडन, अमन टंडन, अमर दास टंडन, गुलशन कुमार पात्रे का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### भोरमदेव में शंखनाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**कवर्धा।** सोमवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, जिला कबीरधाम के घोष विभाग द्वारा शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर कुल 24 वादकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। आनक, शंख ,वेणु, ताल, प्रणव, कुल छः रचनाएं शंख रचना किरण, उदय, श्रीराम, वेणु रचना प्रयोग एक, प्रयोग दो कार्यक्रम में आनक, वेणु, प्रणव एवं ताल के साथ सामूहिक घोष वादन प्रस्तुत किया गया। जिला घोष प्रमुख मनहरण वरबे ने बताया कि शंखनाद कार्यक्रम का यह दूसरा वर्ष है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का घोष वादन स्वयं सेवकों के मन में उत्साह, साहस और उमंग का संचार करता है। इसे रणघोष भी कहा जाता है, जो युद्धकाल में उत्साह एवं वीरता जागृत करने वाला संगीत रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे स्वयं सेवकों की शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी तथा वे किसी भी आपदा की परिस्थिति के लिए सदैव तैयार रहेंगे। भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को देखकर जनसामान्य मंत्रमुग्ध होकर आनंदित हो उठे। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह रवि वर्मा, दुर्ग विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख,जिला घोष प्रमुख मनहरण वरबे, जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख बीरेलाल पटेल, सह जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख राजकुमार विश्वकर्मा, पूर्व घोष प्रमुख ललित ठाकुर, घोष वादक दल तथा बाल एवं ज्येष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### गुरुकुल में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता



**कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल न केवल अकादमिक शिक्षण कार्य पर ध्यान देता है अपितु शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान देता है जिसमें क्रीड़ा प्रतियोगिताएं भी महत्वपूर्ण है। इसी कड़ी में विद्यालय द्वारा जिला स्तरीय अंडर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कवर्धा जिले के साथ-साथ बेमेतरा, छुईखदान व अन्य जिलों के 13 शालाओं के लगभग 200 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता अतिथि के रूप में नितेश छाबड़ा कवर्धा, प्रियेश चौबे कवर्धा, संस्था के पदाधिकारी गण व शाला के प्राचार्य मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प व मालार्पित कर पूजन-वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया एवं समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच स्वामी आत्मानंद बोड़ला एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा टीम बी के बीच हुआ जिसका स्कोर 00-02 हुआ जिसमें गुरूकुल ने पहला मैच जीता। इस प्रतियोगिता का सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच 05 अगस्त 2025 को गुरुकुल पब्लिक स्कूल के फुटवाल मैदान में खेला जायेगा। संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण व शाला के प्राचार्य ने इस आयोजन पर प्रतिभागियों को हार्दिक बधाईयां व शुभकामनाएं दी।

### समिति ने धूमधाम से मनाया जड़ी बूटी दिवस



**कवर्धा।** 4 अगस्त को पूरा भारत वर्ष हमेशा से जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाते आ रहा है। जड़ी बूटी दिवस वर्तमान युग के धन्वंतरि आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। वहीं महिला पतंजलि योग समिति की बहनों ने भारत माता चौंक महामाया मंदिर परिसर कवर्धा में स्टॉल लगाकर औषधीय पौधें गिलोय, नीम, तुलसी, बेल, एलोवेरा, नींबू जैसे अनेक पौधों का लोगों को इनके लाभ को बताते हुए वितरित किया। इस कार्यक्रम में 500 औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इसके साथ साथ अशोका योग क्लास एवं शारदा संगीत विद्यालय में बहनों के द्वारा पौधा रोपण का कार्य किया गया । साथ ही भोरमदेव मंदिर परिसर में बहनों के द्वारा नींबू शर्बत का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी उमा, भारत स्वाभिमान महामंत्री ज्योति, महिला पतंजलि योग समिति की महामंत्री विनीता, संवाद प्रभारी भारती, संगठन मंत्री महिमा, आकांक्षा, मीनाक्षी, सरोज, सरिता, प्रभा, पींकी, शकुन, निशा, संध्या जायसवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम अंतर्गत संचालित आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों, आश्रमों की निगरानी और सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस समिति में तहसील पंडरिया के जनप्रतिनिधि रतिराम भट्ट को भी सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। समिति का गठन आदिवासी तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छात्रावास, आश्रमों की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा और सुधार के उद्देश्य से किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कबीरधाम द्वारा आदेश जारी किया गया। समिति में कुल 15 सदस्य शामिल हैं, जिनमें कलेक्टर कबीरधाम अध्यक्ष के रूप में जबकि जिला पंचायत, जनपद, विधायक प्रतिनिधि, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, विद्युत विभागों के अधिकारी तथा समाजसेवी और शिक्षकगण को भी सदस्य के रूप में स्थान दिया गया है।

### कांवड़ियों ने किया शिवालयों में जलाभिषेक



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जरती स्थित है जहां के शिव शक्ति बोल बम समिति जरती ने कांवड़ यात्रा निकाली गई जो कि अमरकंटक धाम से मां नर्मदा से पवित्र जल लेकर डोंगरिया जलेश्वर महादेव व छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर तथा बूढ़ा महादेव और ग्राम के शिव मंदिरों और देवी-देवताओ मे जलाभिषेक किया गया। वहीं शिव शक्ति बोल बम समिति जरती के कांवड़ियों के नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- भोरमदेव, डोंगरिया व पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में मेला जैसा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले और अंचल के प्रमुख शिवालयों में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भोरमदेव मंदिर, डोंगरिया स्थित जालेश्वर महादेव और कवर्धा के सिद्धपीठ पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर सहित अंचल के अन्य शिवधामों में उमड़ पड़ी। भोलेनाथ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा और माहौल भक्तिमय हो गया। सोमवार तड़के ही श्रद्धालु शिवालयों की ओर कूच करने लगे थे। महिलाएं, बच्चे, युवा व बुजुर्ग सभी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आए। शिवभक्तों ने विधिविधान से रुद्राभिषेक कर दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक



किया। बेलपत्र, नारियल, पुष्प और माला अर्पित कर भगवान से सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। विशेष रूप से अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा कर पहुंचे सैकड़ों कांवड़ियों ने भी इन प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण की। उनका उत्साह देखते ही बनता था। भक्ति में लीन कांवड़ियों के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। श्रावण मास का यह अंतिम सोमवार अंचल में भव्य और ऐतिहासिक रहा। दिनभर मंदिरों में भक्तों की आवाजाही बनी रही, और देर रात तक पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। स्वास्थ्य और प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था की गई थी। भीड़ और श्रद्धा का ऐसा नजारा था कि भोरमदेव मंदिर, जालेश्वर महादेव मंदिर और पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में मेला जैसा दृश्य दिखाई दिया। स्थानीय दुकानदारों और अस्थायी विक्रेताओं के लिए यह दिन व्यापारिक दृष्टि से भी खास रहा। यह धार्मिक आयोजन न केवल लोगों की आस्था का परिचायक बना बल्कि सामाजिक समरसता और शांति का प्रतीक भी सिद्ध हुआ। शिवभक्तों का यह समर्पण श्रावण मास की महिमा को और भी विशेष बना दिया।

### गौरकापा प्राचीन शिव मंदिर में रही आस्था की भीड़



**कोदवागोडान।** कबीरधाम जिले के पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौरकापा स्थित प्राचीन और प्रसिद्ध शिव मंदिर में सावन मास के अंतिम सोमवार को दिन भर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर आस्थावान भक्तों ने आशुतोष भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की और मत्था टेका। गौरकापा धाम के थानापति महंत विवेकगिरि महाराज ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक सावन सोमवार को यहां बड़ी संख्या में दर्शन और शिवार्चन करने वाले भक्तों का आवागमन लगा रहा। भोले बाबा के प्रति श्रद्धा रखने वाले क्षेत्रीय भक्तों के अलावा काफी दूर दूर से भी आम और खास लोग यहां आकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर की ओर से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन की हर संभव सुविधा और मार्गदर्शन के साथ साथ उनके प्रसाद की समुचित व्यवस्था का समुचित ध्यान रखा जाता है। पूरे सावन महीने भर गौरकापा शिव मंदिर में जलाभिषेक करने अमरकंटक से जल लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए भगवा वस्त्र धारी कांवड़िए सैकड़ों की संख्या में आते हैं जिनके भोजन जलपान और ठहरने की समुचित व्यवस्था यहां के सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह में रहती है। इस वर्ष यहां क्षेत्र की लोकप्रिय और प्रदेश की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी अपनी अमरकंटक से भोरमदेव तक की जलाभिषेक पदयात्रा के तहत तीन सौ कांवड़ियों के साथ यहां आकर जलाभिषेक और रात्रि विश्राम किया। अंतिम सोमवार को यहां लगभग ढाई सौ की संख्या में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया!

## आयोजन: पालकी यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

# कवर्धा नगर में निकाली गई महाकाल की भव्य पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को धर्मनगरी कवर्धा में महाकाल पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

यहां बताना लाजिमी होगा कि धर्मनगरी कवर्धा में हर हर शंकर जय जय शंकर सेवा समिति द्वारा विगत तीन वर्षो से उज्जैन के तर्ज पर भगवान महाकाल की पालकी कवर्धा नगर में निकाली जा रही है। इस वर्ष समिति के मुख्य संयोजक उमंग पाण्डेय सहित समिति के तत्वाधान में सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय, राष्ट्रकल्याण, गौ रक्षा गौ माता राष्ट्र माता के संकल्पओं को लेकर महाकाल की पालकी यात्रा निकाली गई।

यात्रा का शुभारंभ बुढ़ामहादेव मंदिर तथा श्री राम जानकी प्रभु देवालय में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शहर भ्रमण के लिए निकली। इस दौरान भगवान भोलेनाथ की आकर्षक व मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई साथ यात्रा के दौरान हैरतअंगेज अखाड़े का भी प्रदर्शन किया गया। यात्रा के शहर भ्रमण के बाद देरशाम भारत माता चौक पहुंचने पर यहां भगवान महाकाल की श्रद्धाभक्ति के साथ भस्म आरती एवं शाही आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### पालकी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह





गाजे बाजे, डीजे साउंड, आतिशी धमाकों के साथ कवर्धा नगर में निकाली गई इस महाकाल की पालकी यात्रा में शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पालकी यात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त डीजे की धुन में झूमते नाचते चल रहे थे। यात्रा के बुढ़ामाहदेव मंदिर तथा राम जानकी प्रभु देवलाय से प्रारंभ होने के बाद लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। इस दौरान लोगों ने जगह जगह भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए पालकी साथ तथा शहर के प्रमुख व संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। हालांकि पालकी यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है। पालकी यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला।



# घुघरी मिनी स्टेडियम में डिप्टी सीएम ने घुमाया बल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के ग्राम घुघरी के मिनी स्टेडियम में शनिवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का नजारा उस वक्त खेल के रंग में रंग गया, जब उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्रिकेट मैदान में बल्ला थाम लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जब ग्राउंड और वहाँ अभ्यास कर रहे स्थानीय खिलाड़ियों को देख रहे थे, तभी कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उनसे कहा, सर, एक शॉट तो बनता है! यह सुनते ही उपमुख्यमंत्री मुस्कराए और बल्ला उठाकर पिच पर जा पहुंचे। कलेक्टर श्री वर्मा ने गेंद डाली और उपमुख्यमंत्री ने शानदार ड्राइव खेलते हुए छक्का जैसा शॉट जड़ दिया। उनके इस शॉट पर उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारियों और खिलाड़ियों ने जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। आज के इस आयोजन में उन्होंने यह साबित कर दिया कि जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे खेल भावना से भी जुड़े हुए हैं। उनके खेल प्रेम को देखकर युवा खिलाड़ियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बचपन से ही क्रिकेट के जबरदस्त शौकीन रहे हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन में अनेक स्थानीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और अपने लम्बे-लम्बे शॉट्स के लिए चर्चित रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि खेल और पर्यावरण, दोनों ही स्वस्थ समाज के दो मजबूत आधार हैं। हमें दोनों को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीणजन और युवा खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# टीचर्स एसोसिएशन की डीईओ से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग के स्थानीय समस्याओं उच्च शिक्षा, अन्य सेवा व प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति व अनापत्ति पत्र, परिवीक्षा अवधि समाप्ति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा अपना पक्ष रखे जाने के बाद डीईओ ने आश्वस्त किया कि वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सहायक शिक्षकों व प्राथमिक प्रधान पाठकों का अनुमति पत्र इसी महीने की आखिरी तक जारी कर दिया जाएगा, साथ ही शिक्षक, मिडिल प्रधान पाठक व व्याख्याता का आवेदन संयुक्त संचालक व लोक शिक्षण संचालनालय को



अग्रेषित कर दिया जाएगा। विगत सत्र 2024-25 के शिक्षकों के लंबित अनुमति पत्र हेतु संयुक्त संचालक को सूची के साथ अवगत कराया जाएगा। स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए प्रतिनियुक्ति हेतु अनापत्ति पत्र पांच अगस्त तक जारी कर दिया जाएगा। तीन साल की सेवा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके सहायक शिक्षक व सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश वर्तमान अगस्त माह में ही जारी होगा। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, दुर्गा चन्द्रवंशी, भागवत कौशिक, चिंताराम पटेल, चतुर मेरावी, अनिल पाण्डेय, नरेंद्र चंद्रोल, नंद सोनी, लक्ष्मण मिरी, रामावतार बघेल, पंकज तिवारी, देवदास धृतलहरे, श्रीधर शर्मा, अशोक देवांगन आदि उपस्थित थे।

# बोड़ला सेक्टर में कांग्रेस प्रभारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 02 श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर का पोड़ी में आगमन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पितांबर वर्मा ने की।

इस दौरान पोड़ी, बोड़ला, खरहट्टा एवं मड़मड़ा सेक्टरों के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नेतागण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन का पुनर्गठन कर मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर तक सशक्त ढांचा तैयार करना था। सभी कार्यकर्ताओं से संवाद कर यह तय किया गया कि संगठनात्मक मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता को साथ लेकर चलना होगा। सभी ने यह संकल्प लिया कि कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर ने कहा



कि राहुल गांधी के नेतृत्व और विचारों को जन-जन तक ले जाना है। कांग्रेस पार्टी केवल सत्ता की नहीं, न्याय की लड़ाई की पार्टी है। जहां भी अन्याय होगा, कांग्रेस जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर संगठनात्मक कार्यों में एकजुटता लानी है और हर वर्ग, खासकर कमजोर एवं वंचित तबकों की आवाज को बुलंद करने के लिए तैयार रहना है।

यह बैठक कांग्रेस संगठन को निचले स्तर से पुनः जीवंत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम सिद्ध होगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष पितांबर वर्मा, कवर्धा ग्रामीण प्रभारी शिवप्रसाद वर्मा मन्नू चंद्रवंशी, डाकोर चंद्रवंशी वरिष्ठ समाज सेवक, रामगोपाल चंद्राकर, जिला सचिव , मन्नू चंद्राकर, विजय पांडे, रामचरण साहू, संतोष चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीण विकास और सामाजिक एकता को मिलेगा नया आयाम

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने घुघरीकला में किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ग्राम घुघरीकला में पटेल समाज सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों, समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा पूजा-अर्चना कर भवन को आमजन के उपयोग के लिए समर्पित किया।

इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन, युवक-युवतियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन



उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह सामुदायिक भवन न केवल पटेल समाज के लिए, बल्कि सम्पूर्ण ग्रामवासियों के लिए एक उपयोगी और समर्पित स्थल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग की पहचान, गरिमा और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं प्रदान कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के भवन सामाजिक एकता, पारिवारिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक बैठकों के आयोजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि पटेल समाज का योगदान कृषि, सामाजिक सेवा और लोकजीवन में हमेशा प्रेरणादायी रहा है। यह सामुदायिक भवन उनके सामाजिक आयोजनों के साथ-साथ युवा पीढ़ी को एक सकारात्मक दिशा देने में भी मददगार होगा।

उन्होंने समाज के सदस्यों से अपील की कि वे इस भवन का उपयोग समाजहित और ग्रामहित में करें। सभी ने भवन के निर्माण को लेकर प्रसन्नता जाहिर की और सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

समारोह के दौरान ग्रामवासियों ने उप मुख्यमंत्री से विभिन्न स्थानीय समस्याओं के समाधान की भी मांग रखी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### दो परिवारों को 8 लाख आर्थिक सहायता मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लीलादादर निवासी रविकुमार की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके मां सुन्दरिया बाई को और कवर्धा अनुविभाग के ग्राम जमुनिया निवासी शिवचरण की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि अश्वनी को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।